RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 194 | ग्वालियर रविवार 23 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी क्षमता से करें कार्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर किया नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अभियोजन अधिकारियों की न्याय प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। न्यायालय, पुलिस और अभियोजन मिलकर पीड़ित को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय, शासन, प्रशासन और अभियोजन के आपसी समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी विधिक प्रक्रियाओं, अभियोजन कार्यों और न्यायिक प्रणाली की बारीकियों से अवगत हों, जिससे वे अपने दायित्वों को कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कान्हासैंया स्थित केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 210 से अधिक नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस श्री जे.के. माहेश्वरी, म.प्र. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री सुरेश कुमार कैत एवं म.प्र. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस श्री विवेक अग्रवाल के साथ दीप प्रज्जवलित कर इस 45 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने अध्यक्षयीय उद्बोधन में कहा कि देश में सुशासन स्थापित करने में हमारी माननीय न्यायपालिका की अत्यंत सराहनीय भूमिका है। लोक अभियोजन अधिकारियों के पास यह स्वर्णिम अवसर है कि वे पीड़ितों और जरूरतमंदों को अपनी युवा ऊर्जा, अपने बौद्धिक ज्ञान, मेधा और क्षमता से तत्परतापूर्वक न्याय दिलाएं। न्यायपालिका के आदेशों का अक्षरशः पालन कराना ही वास्तविक सुशासन है। न्यायपालिका की मदद और मार्गदर्शन से देश में लोकतंत्र की परंपरा और मजबूत हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि देश ने अनेकों ऐसे अवसर देखें हैं जब न्याय पालिका के आदेशों को बिना किसी देरी के बड़ी शांति से लागू कराकर केन्द्र सरकार ने सुशासन के उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किये है। इससे देश में लोकतंत्र की परंपरा भी मजबूत हुई है। उन्होंने धर्मो रक्षति रक्षतः का संदर्भ देते हुए कहा कि धर्म उसी की रक्षा करता है, जो धर्म की रक्षा करता है। यह पारस्परिक भाव ही सुशासन की मूल नीति है। उज्जैन में महाराज विक्रमादित्य ने सदियों पहले सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने देश में इस भाव को पुनः जीवंत होते हुए देखा है। देश में अमृत काल चल रहा है और इस दौर में सबके कल्याण, सबके हित, सबको न्याय दिलाने के लिए एक सक्षम नेतृत्व उपलब्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए अपराधिक कानूनों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सरकार हर जरूरी प्रबंध करेगी और न्याय तंत्र को बेहतर बनाने के लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराएगी।

राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने लिया मेले का खूब आनंद उठाया झूला, निशानेबाजी, तीरंदाजी में आजमाएं हाथ

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - नोहटा महोत्सव में पहुंचे प्रदेश के धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मेला परिसर में घूम कर मेले का आनंद उठाया। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा मेले का आनंद तभी आता है, जब आप स्वयं उसमें रम जाए और इसी आनंद का लुफ्त उठाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ महोत्सव में आए हुए विभिन्न दुकानदारों से मिलकर और उनके वार्तालाप कर मेले से संबंधित अनुभव साझा किए।

आज बागेश्वर में चिकित्सा संस्थान की आधारशिला रखेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से मध्यप्रदेश, बिहार और असम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह मध्य प्रदेश में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और बिहार में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को नकद सहायता की 19वीं किस्त जारी करेंगे। पीएम मोदी के दौरे की शुरुआत रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से होगी।

प्रधानमंत्री बागेश्वर में बालाजी के दर्शन करेंगे और पूजा-अर्चना के बाद बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे।

यह कैंसर संस्थान 200 करोड़ की लागत से तैयार होगा। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर बागेश्वर धाम में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने शनिवार को कहा कि पूरा बुंदेलखंड उत्साहित है और इस ऐतिहासिक क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

पीएमओ की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, पीएम मोदी सोमवार को भोपाल में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा और इसमें विभागीय शिखर सम्मेलन, फार्मा और चिकित्सा उपकरण, परिवहन और साजो सामान, उद्योग, कौशल विकास, पर्यटन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर विशेष सत्र होंगे।

चेतावनीः तीन महीने पड़ेगी अधिक गर्मी, सूखा-लू जैसी घटनाएं बढ़ेंगी

नई दिल्ली । आने वाले तीन महीनों मार्च से मई 2025 के दौरान वैश्विक स्तर पर तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। खासकर अरब प्रायद्वीप, उत्तर-पूर्वी एशिया, पश्चिमी तटीय भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में अधिक गर्मी दर्ज की जा सकती है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार, इसके साथ ही, सूखा, लू, भारी बारिश जैसी मौसमी घटनाएं बढ़ सकती हैं, जो बाढ़, बीमारियों और कीटों के हमलों को बढ़ावा देकर फसलों की पैदावार और गुणवत्ता पर असर डाल सकती हैं। पिछले तीन महीनों (नवंबर 2024 से जनवरी 2025) के मौसम के आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि आगामी मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे, लेकिन गर्मी सामान्य से अधिक बनी रहेगी। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट बताती है कि नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच ज्यादातर महासागरों में समुद्री सतह का तापमान (एसएसटी) सामान्य से अधिक था।

अिल नीनो या ला नीना का प्रभाव नहीं : मार्च से मई 2025 तक प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य होने की उम्मीद है, जिससे इस दौरान कोई मजबूत अल नीनो या ला नीना प्रभावी नहीं रहेगा। यह स्थिति अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की तटस्थ अवस्था को दर्शाती है। हालांकि, भूमध्यरेखीय अटलांटिक महासागर के उत्तरी और दक्षिणी भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

सहकारी क्षेत्र के सहयोग से विकसित बनेगा भारत : शाह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने शनिवार को सहकारिता को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। पुणे में जनता सहकारी बैंक लिमिटेड के अमृत महोत्सव के समापन समारोह में अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत के लिए दो लक्ष्य तय किए हैं। पहला 2047 तक विकसित भारत और पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था। ये दोनों लक्ष्य सहकारी क्षेत्र के योगदान से हासिल किए जा सकते हैं।

अमित शाह ने कहा कह पीएम मोदी ने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की शुरुआत की है। इस मंत्रालय के जरिये देश में कई चीजों में क्रांति आई है। मंत्रालय सहकार से समृद्धि के आदर्श वाक्य पर काम करता है। जनता सहकारी बैंक भी उसी तर्ज पर काम करता है। उन्होंने कहा कि देश में 1465 शहरी सहकारी बैंक हैं और 400 से अधिक अकेले महाराष्ट्र में हैं। हम एक विशेष संगठन को सक्रिय कर रहे हैं। जो सभी सहकारी बैंकों की हर संभव तरीके से मदद करेगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है।

सहकारिता विवि की स्थापना की तैयारी : पिछले दिनों सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक विधेयक जल्द ही संसद द्वारा पारित किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सहकारी क्षेत्र को कॉर्पोरेट क्षेत्र के समान अवसर मिलें।

खुलासाः हर साल दुनिया में 7.46 लाख लोग कर रहे हैं आत्महत्या

नई दिल्ली। पिछले तीन दशकों के दौरान भारत में आत्महत्या की दर में 31.5 फीसदी की गिरावट आई है। यह मानसिक स्वास्थ्य में सुधार को लेकर बनाई जा रही रणनीतियों में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। वहीं वैश्विक स्तर पर इस दौरान आत्महत्या में 39.5 फीसदी की गिरावट आई। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय जर्नल द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में प्रकशित हुई है। अध्ययन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरी एंड रिस्क फैक्टर्स स्टडी (जीबीडी) 2021 के निष्कर्षों पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार 1990 में प्रति लाख जनसंख्या पर आत्महत्या करने वालों की संख्या 19 थी, जो 2021 में घटकर 13 हो गई। यह करीब 32 फीसदी की कमी को दर्शाता है। आत्महत्या की दर में गिरावट पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक रही। 1990 से 2021 के बीच पुरुषों में आत्महत्या दर में लगभग 25 फीसदी की कमी आई, जबकि महिलाओं में यह 38.7 फीसदी दर्ज की गई। 1990 में प्रति लाख 21 पुरुष आत्महत्या कर रहे थे जो 2021 में घटकर 15.7 रह गए। जबकि 1990 में प्रति लाख 16.8 महिलाओं ने आत्महत्या की थी जो 2021 में घटकर 10.3 हो गई। हालांकि, 2019 से 2021 के बीच महिलाओं में आत्महत्या दर में 1.31 फीसदी की वृद्धि भी देखी गई।

शिक्षित महिलाओं में आत्महत्या दर अधिक : रिपोर्ट के अनुसार 2020 में भारत में शिक्षित महिलाओं में आत्महत्या की दर सबसे अधिक थी जिसका मुख्य कारण पारिवारिक समस्याएं रहीं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक्सीडेंटल डेथ्स और सुसाइड्स इन इंडिया 2022 की रिपोर्ट के अनुसार 2021 में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की थी, जबकि 2022 में यह संख्या बढ़कर 1,70,924 हो गई।

शिशु मन्दिर के छात्रों की पहचान, हिंदुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होती है : श्री गणेश सिंह जी तोमर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर अम्बाह में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एकादशी के भैया - बहिनों द्वारा द्वादशी के भैया- बहिनों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद समारोह आयोजित किया !कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री गणेश सिंह जी तोमर (पूर्व प्राचार्य विद्या भारती) रहे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजू तोमर, (प्राध्यापक पी.जी. कॉलेज अंबाह) श्री सुरेश जी कुशवाह (पूर्व प्राचार्य) रहे। मुख्यवक्ता श्री उम्मेद सिंह जी तोमर (सचिव) रहे। अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य श्री राधाबल्लभ जी शर्मा ने कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की वरिष्ठ दीदी श्रीमती शोभा चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में बारहवीं के भैया- बहिनों ने अपने अनुभव कथन सभी के सामने साझा किए। मुख्यवक्ता महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि - लक्ष्य न ओझल होने पाए, कदम मिलाकर चल । मंजिल तेरे पग चूमेगी, आज नहीं तो कल हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान देना है मंजिल हमें एक ना एक दिन मिल ही जायेगी। विद्यालय ने जो संस्कार दिये हैं उन्हीं संस्कारों से आप पहचाने जाओगे विद्यालय से आप से ऐसी अपेक्षाएं हैं, और आगे भी बनी रहेंगी। कार्यक्रम में सभी आचार्य- दीदी एवं भैया - बहिन सम्मिलित रहे! कार्यक्रम के अंत में सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कर आचार्य परिवार के साथ सहभोज कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।

जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह का प्रथम नगर आगमन पर जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। अम्बाह प्रथम आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने फूलों का हार एवं फेंटा बांधकर जोरदार स्वागत किया। मुरैना से लेकर अम्बाह एवं पोरसा तक कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा था। उनके कदम जैसे ही अम्बाह नगर में पड़े तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने कमलेश भईया जिंदाबाद नरेंद्र सिंह तोमर जिंदाबाद शिवमंगल सिंह तोमर जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। फूलों का हार साफ़ा बांधकर उनका जोरदार स्वागत किया अम्बाह नगर पालिका के पास लगी विस्मिल जी की मूर्ति को माला पहनाकर नमन कि?या। पीपल चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने कहा कि। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सब को एकजुट होकर कार्य करती है। हमारे मध्य प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अनेक कार्य किए। और लाड़ली बहना योजना निरंतर चालू रखी।?और हमारे मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पिनाहट पुल का निर्माण कार्य कराया जो की कार्य तेजी से चल रहा है। अम्बाह सिविल अस्पताल में 100 बेडो का निर्माण कार्य कराया जो कार्य प्रगति पर है। जो कार्य कांग्रेस नहीं कर पाई बो कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है ।भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सब्जी के थोक व्यापारी ने दो कुंटल गोभी की हरी सब्जी का गायों के लिए किया दान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार नगर की मां गायत्री गौशाला में आश्रय ले रहे निराश्रित गौवंशो को आज का गौ भोग,लहार सब्जी मंडी में सब्जी के थोक विक्रेता राजेन्द्र सिंह कुशवाहा द्वारा,गोभी की हरी सब्जी लगभग दो कोन्टल गो माता के खाने के लिए समर्पित की गई जिसे गायों को खिलाया गया,,गौ शाला संचालक संतोष सिंह चौहान द्वारा गौभक्त राजेन्द्र सिंह कुशवाहा के व्यापार में बढ़ोतरी जीवन में सुख शांति समृद्धि के लिए गौमाता से प्राथना की गई।

नेशनल हाईवे-44 पर ट्रक ने बुजुर्ग को टक्कर मारी

मुरैना। मुरैना के नेशनल हाईवे-44 पर शनिवार दोपहर हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। अल्लाबेली पुलिस चौकी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल मुरैना लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र के रहने वाले थे। वे मुरैना के बानमोर स्थित हंसराज का पुरा गांव में अपने रिश्तेदारों से मिलने आ रहे थे। हादसे की सूचना पर सरायछोला पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक और ड्राइवर की पहचान की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। थाना प्रभारी के.के. सिंह ने बताया कि बुजुर्ग किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और ट्रक की तलाश जारी है।

गौभक्त राजवीर सिंह ने करवाया गौ भंडारा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

अपने गुरुदेव की आज्ञा अनुसार हर महा लहार नगर में रोड पर विचरण करती भुखी गौमाता के लिए गौ भंडारा करवाने वाले गौभक्त राजवीर सिंह निवासी ,(चाचीपुरा) हाल लहार द्वारा अपनी सेवा जारी रखते हुए इस महा का गौ भंडारा करवाया निराश्रित गौवंशो को 50 किलो हरे चारे का गौ भोग खिलवाया गया

414 रोगियों की स्क्रीनिंग, 55 रोगी रैफरल के लिए चिन्हित

कलेक्टर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया कैम्प का अवलोकन

श्योपुर। मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी से पीडित रोगियों के रोगियों के चिन्हांकन के लिए जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविर लगाये जा रहे है। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल तथा ढोढर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गये। उक्त शिविर में 414 रोगियों की स्क्रीनिंग कर उनका उपचार किया गया तथा गंभीर बीमारियों से पीडित 55 रोगी मुरैना कैम्प के लिए चिन्हित किये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में आयोजित स्क्रीनिंग कैम्प का कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री हररनाथ देवरिया, सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, श्री बाबू सिंह यादव, श्री जयदीप तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्क्रीनिंग कैम्प में उपस्थित रोगियों तथा उनके परिजनों को अवगत कराया कि स्वास्थ्य शिविरो के माध्यम से गंभीर रूप से पीडित रोगियों की पहचान स्थानीय डॉक्टरों द्वारा की जा रही है, गंभीर रोगियों को निशुल्क उपचार तथा ऑपरेशन आदि के लिए मुरैना में आयोजित होने वाले शिविर में भेजा जायेगा, जहां देश के ख्यातिनाम चिकित्सको द्वारा उनका उपचार किया जायेगा, इसलिए इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करहाल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 352 रोगियों की स्क्रीनिंग की गई तथा 46 मरीज रैफरल के लिए चिन्हित किये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढर में 62 लोगों ने पंजीयन कराकर जांच कराई गई जिनमें 09 मरीज रेफरल हेतु चिन्हित किए गए। स्क्रीनिंग कैम्प में ईएनटी के 37, आंख के 41, सर्जरी के 07, मेडीसिन के 47, हृद्य रोग के 04, कैंसर के 06, टीबी के 02, शिशु रोग के 24, असंचारी रोग के 069 और अन्य बीमारी के 237 मरीज पाये गये।

आधी रात को अचानक जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

इमरजेंसी वार्ड के नर्सिंग स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा 21 एवं 22 फरवरी की दरम्यानी रात अचानक जिला अस्पताल पहुंचे तथा रोगियों से चर्चा कर उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने रात्रि के समय अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधों का जायजा भी लिया तथा सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। रात्रि लगभग 11.30 बजे अस्पताल पहुंचे कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा 1 घंटे से अधिक समय तक अस्पताल के भ्रमण पर रहें। इस दौरान उन्होने इमरजेंसी कक्ष, जनरल वार्ड, आईसीयू, पीडियाटिक वार्ड, एसएनसीयू, पीआईसीयू, टीबी वार्ड आदि में रोगियों से चर्चा की तथा चिकित्सको द्वारा अस्पताल में प्रदाय किये जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने इमरजेंसी कक्ष में डॉक्टर के अलावा अन्य नर्सिंग स्टॉफ के मौके पर नही मिलने पर नर्सिंग स्टॉफ में शामिल श्री विकास ओझा एवं श्री संतोष टैगोर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इमरजेंसी कक्ष में सभी स्टॉफ ड्यूटी समय में मौके पर ही मौजूद रहें। इसके साथ ही कोई भी व्यक्ति आपातकाल उपचार की स्थिति में आता है तो एक्टिव होकर उसे उपचार उपलब्ध करायें। उन्होने सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को निर्देश दिये कि टीबी वार्ड की तत्काल सफाई कराई जायें तथा अस्पताल परिसर को भी स्वच्छ रखा जायें।

मुरैना में 28 डिग्री पर पहुंचा अधिकतम पारा

मुरैना। मुरैना में अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। शनिवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हाल ही में हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव आया है। शनिवार की सुबह से तेज धूप खिली रही। दिन में गर्मी का अहसास होता है, जबकि शाम होते ही ठंडक बढ़ जाती है। रात को मौसम सुहावना रहता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान मौसम फसलों के लिए अनुकूल है। यदि आगे बारिश होती है, तो यह चना और मसूर जैसी दलहनी फसलों के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगी।

खेल मैदान के लिए अतिरिक्त भूमि आवंटन के निर्देश

कलेक्टर ने किया सीएम राईज श्योपुर और पहेला का निरीक्षण

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल श्योपुर के निरीक्षण के दौरान राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्कूल के लिए प्रस्तावित खेल मैदान के लिए ओर अतिरिक्त भूमि आवंटन के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि खेल मैदान को जो भूमि पूर्व से दी गई है, उसके अलावा अलग से ओर भूमि उपलब्ध कराई जाये, इसके लिए विभागीय अधिकारी पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी पीआईयू को निर्देश दिये कि कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जायें। गुणवत्ता जांचने के लिए समय-समय पर क्यूव टेस्ट कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य डिजाइन एवं ड्राईंग अनुसार शीघ्रता से पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री अनिल पटेल ने बताया कि मॉडल स्कूल जिसमें वर्तमान में सीएम राईज संचालित है, उस भवन का भी रिनोवेशन कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 33 करोड रूपये की लागत से 2.09 हेक्टयर में सीएम राईज विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है, इसका 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, 3 हजार बच्चों की कैपेसिटी को दृष्टिगत रखते हुए इस विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम श्री मनोज गढवाल, सहायक संचालक शिक्षा श्री यश जैन, डीपीसी डॉ पीएस गोयल, प्राचार्य सीएम राईज श्री अशोक खण्डेलवाल आदि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल पहेला के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि विद्यालय का सी ब्लॉक का कार्य फिनिशिग सहित जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाये, जिससे इस ब्लॉक में वैकल्पिक तौर पर विद्यालय की शुरूआत की जा सकें।

मुरैना जिला अस्पताल में लगा मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप

मुरैना। मुरैना जिला अस्पताल में शनिवार को रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन %राहत 2% के तहत पहला मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। यह कैंप विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता और राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को जिला अस्पताल में मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। जिसमें 900 मरीजों ने पंजीयन कराया। 26 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस मिशन के अंतर्गत अब तक तहसील स्तर पर 22 दिनों में कई कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 25,000 से अधिक मरीजों की जांच की जा चुकी है। इस मिशन के तहत सबलगढ़, जौरा, कैलारस, टेंटरा, पहाड़गढ़, रामपुर कला, कान्हार, सुमावली, नायकपुरा, नूराबाद, अंबाह, पोरसा, महुआ, दिमनी, खड़ियार, रिठौरा, बानमोर एवं करहधाम में स्क्रीनिंग कैंप लगाए गए। इन शिविरों में लगभग 2,000 मरीजों को चिन्हित किया गया है, जिनका जिला मुख्यालय मुरैना में इलाज किया जाएगा। तहसील स्तर पर स्क्रीनिंग के बाद अब जिला चिकित्सालय मुरैना की पुरानी बिल्डिंग में 22, 24, 25, 26, 27 और 28 फरवरी को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 1 से 10 मार्च के बीच चिन्हित मरीजों की अंतिम जांच रेडक्रॉस वार्ड में होगी।

काशी विद्यापीठ व जीनीयस ऐकेडमी विद्यालयों में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से विजयपुर क्षेत्र में पिछले 15 दिनो से नशा मुक्त भारत अभियान जारी है। इसी क्रम में आज काशी विद्यापीठ व जीनीयस ऐकेडमी विद्यालयों में नशा मुक्त भारत अभियान की मेडिकल विंग की टीम ने छात्र एवं छात्राओं को स्वस्थ जीवन नशा मुक्त जीवन जीने का संदेश दिया। नशा मुक्ति अभियान की प्रभारी बीके शशि बहन ने बताया कि हमारी दिनचर्या व्यवस्थित और सुनियोजित होनी चाहिए तथा खानपान में शुद्धता बहुत जरूरी है, हमें हर प्रकार के दुर्व्यसनो से दूर रहना चाहिए। श्री चंद्र प्रकाश शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एकाग्र शक्ति बढ़ाने के लिए मेडिटेशन को जीवन में अपनाएं। श्री विजय ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त जीवन को लेकर सामूहिक रूप से संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक गणों ने भी नशे से दूर रहने तथा नशे के दुष्परिणामों पर अपने उद्बोधन दिए साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के द्वारा दिए जाने वाले संदेश की सराहना की तथा कहा कि इससे निश्चित रूप से लोगों में जागरुकता आएगी।

जनता के जीवन को आसान बनाना सभी राजस्व अधिकारियों का दायित्व : कलेक्टर

राजस्व प्रकरणों का अंतिम निराकरण राजस्व अधिकारियों की हो सर्वोच्च प्राथमिकता-कलेक्टर

अनुपपुर। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने कहा है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु समय-सीमा एवं ईमानदारी से काम करें। जनता के जीवन को आसान बनाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व न्यायालय की गरिमा बनाए रखें तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता एवं गंभीरता के आधार पर करें। राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिले में सभी निरस्त होने वाले राजस्व प्रकरणों का पुन: परीक्षण किए जाने एवं त्रुटिपूर्ण नक्शा सुधार एवं निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित राजस्व विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पांडेय, सहायक कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ श्री महिपाल सिंह गुर्जर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजलि द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा श्री अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्री सुधाकर सिंह बघेल, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री प्रदीप कुमार मोगरे सहित जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रीडर एवं अनूपपुर अनुभाग के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने बारी-बारी से पटवारियों से नामांतरण, बंटवारा,नक्शा तरमीम, नकल, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण सजगता एवं गंभीरता के आधार पर करें। नक्शा तरमीम के ऑर्डर के पश्चात एक सप्ताह के अंदर कार्रवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व के सभी कार्य ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही किया जाए, जिससे प्रकरण की स्थिति का पता लग सके, ऑफलाइन कोई भी कार्य नहीं किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरण का दस्तावेजीकरण अद्यतन होना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक अनुभाग स्तरीय राजस्व बैठक आयोजित किया जाए, जिसमें राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों से राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कभी भी राजस्व कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है।

जमोड़ी थाना क्षेत्र का मामला

हत्या के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में थाना जमोड़ी के एक सनसनीखेज मामले के ट्रायल के दौरान पुलिस तथा लोक अभियोजन अधिकारियों के कड़ी मेहनत तथा अथक प्रयास के चलते आरोपी को आजीवन कारावास तथा 5 हजार रूपए के आर्थिक दंड से दण्डित किया गया है।

बतया गया कि फरियादी रघुराज सिंह को 13.05.2022 के सुबह करीबन 9.15 बजे जानकारी मिली कि उसके गांव के रावेन्द्र सिंह गोंड उर्फ छोटकउ सिंह ने उसके पिता मकसूदन सिंह की गर्दन काटकर हत्या कर दिया है एवं उसके मृत पिता की गर्दन हाथ में लेकर गांव में घूम रहा है। तब वह तुरंत गांव के नीरज सिंह के साथ अपने पिता के घर ग्राम कारीमाटी आया और उसने घर के दरवाजे के सामने अपने पिता मकसूदन सिंह का मृत शरीर पड़ा हुआ देखा एवं उनकी गर्दन धड़ से अलग होकर गायब थी व घटना स्थल पर काफी खून फैला हुआ था। वहां पर गांव पड़ोस के लोग भी एकत्रित हो गये थे तब वह स्वयं व नीरज सिंह चौहान तथा गांव के अन्य लोग रावेन्द्र सिंह गोंड़ की तलाश करने लगे और तलाश करते करते डोंटाखोह तक पहुंच गये। थाना जमोड़ी की पुलिस भी सीधी तरफ से आ रही थी तो उन लोगों को

पीछा करते हुए देखकर रावेन्द्र सिंह उसके पिता की गर्दन वही उदयराज यादव के घर के पास सड़क के किनारे छोड़कर साथ में कुल्हाड़ी लिए हुए भागने लगा तब उसे भागते हुए गांव के लोगों ने व पुलिस ने पकड़ लिया। रावेन्द्र सिंह उर्फ छोटकऊ ने उसके पिता के ऊपर जादू टोना करने व भूत विद्या का आरोप लगाकर कुल्हाड़ी से उसके पिता की गर्दन काटकर हत्या कर दी है। मृत धड़ घर के सामने ग्राम कारीमाटी में व गर्दन से उपर का हिस्सा ढोंटा खोह में पड़ा है। प्रकरण को पुलिस अधीक्षक सीधी के द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र सत्र न्यायालय सीधी में प्रस्तुत किया गया। जहाँ अपर लोक अभियोजक श्रीमती श्रद्धा सिंह द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप न्यायालय के द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध आजीवन कारावास, 5000 रूपए अर्थ दंड अथवा 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास के दण्डादेश से दण्डित किया गया है। उपरोक्त समस्त कार्रवाई में जिला लोक अभियोजक अधिकारी भारती शर्मा, अपर लोक अभियोजक श्रीमती श्रद्धा सिंह, सहायक लोक अभियोजक अधिकारी प्रशान्त पांडेय एवं नोडल अधिकारी उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही है।

नशीली सिरप विक्रेता को जमोड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर पहुँचाया जेल, 118 शीशी की जप्त

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जामोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे जामोड़ी पुलिस नें नशीली कफ सिरप की बिक्री करने जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया जहा से आरोपी को जिला जेल सीधी दाखिल कराया गया है। बताया गया कि उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना के आधार पर जमोड़ी पुलिस की टीम द्वारा 21.02.2025 को नाग मंदिर के पीछे जायसवाल कालोनी दक्षिण

करौंदिया में दबिस देकर आरोपी मोहम्मद आशिफ खान पिता मोहम्मद सईद उम्र 20 साल निवासी ग्राम थनहवा टोला एवं एक अन्य फरार आरोपी के कब्जे से 118 शीशी नशीली आनरेक्स कफ सीरप कीमती 2×010 रुपये के कब्जे से जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी मोहम्मद आसिफ खान को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जिला जेल सीधी भेजा गया है। उक्त कार्यवाही मे सउनि बीरभान साकेत, प्र.आर. गुरुप्रशन्न सिंह, किरण मिश्रा, लल्लू विश्वकर्मा, के.पी.सिंह, सतीश तिवारी एवं सायबर सेल टीम सीधी की विशेष भूमिका रही ।

किसान सम्मान समारोह 24 फरवरी को

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का होगा अंतरण

सीधी। संयुक्त कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का वितरण प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 24.02.2025 को भागलपुर, बिहार रा'य से किया जाना है। 19वीं किस्त वितरण दिवस को ''किसान सम्मान समारोह'' के रूप में मनाया जाना है। उन्होने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करें। विधायक/सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला/ब्लाक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाये एवं

प्रोजेक्टर/बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण किया जाये। जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाय। सभी पटवारी इस कार्यक्रम से वर्चुअली सम्मिलित होंगे एवं हल्का, ग्राम अंतर्गत सभी कृषकों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करेंगे। साथ ही पी.एम.किसान में ई-केवाईसी, आधार खाता लिंकिग एवं लैंड लिंकिग का अवलोकन करने संबंधी जानकारी कृषकों को प्रदान करेंगे। अधिक से अधिक कृषकों का पंजीयन प्लेटफार्म मायजीओव्ही के माध्यम से कराया जाकर कार्यक्रम से लाईव जुड़ने हेतु अवगत कराया जाये।

आधुनिक शिक्षा के साथ हमें प्राचीन पद्धतियों का अनुसरण करना चाहिए- डॉ आई पी प्रजापति

सीधी। शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारतीय भाषाएं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्र'वलन करके की गई। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन हिन्दी विभाग की डॉ. निशा सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बघेली भाषा के आंचलिक कवि रावेंद्र शुक्ला उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने मातृभाषा की उपादेयता पर अपनी बात रखी और बघेली पर कविता प्रस्तुत की।

प्रोजेक्ट अमृत के तृतीय चरण का आज शुभारंभ

सीधी। संत निरंकारी मंडल द्वारा बताया गया कि 23 फरवरी रविवार को प्रात: 7 बजे से 10 बजे तक स्थानीय गोपालदास बांध में प्रोजेक्ट अमृत के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। इस परियोजना का उदेश्य जल संरक्षण एवं स्व'छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि आने वाली पीढियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी मंडल सीधी के लगभग 100 समर्पित स्वयंसेवक मिलकर जल संरक्षण और स्व'छता का संदेश जन.जन

तक पहुंचाएंगे। गीतों की संगीतमय प्रस्तुति और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जल जनित रोगों और स्व'छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित न रहकर आज की युवा पीढ़ी को समाज कल्याण की दिशा में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। आगे बताया गया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप हैए जो समाज को जागरूकताए सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

रात में चली कांबिंग गश्त 42 आरोपियों को किया गिरफ्तार

25 गुण्डा बदमाश व 21 निगरानी बदमाशों को दी गई हिदायत

सीधी । पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना चौकी के प्रभारियों के नेतृत्व में 21/22 फरवरी के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 5 स्थाई वारंट एवं ×7 गिरफ्तारी वारंट कुल 42 वारंट तमिल किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 25 गुण्डा बदमाश एवं 21 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या लूट डकैती मारपीट आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं

हुए उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में ×6 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

डेढ़ वर्ष से लापता किशोरी को अमिलिया पुलिस ने बिहार से खोज कर सौंपा परिजनो को

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सिहावल उप निरीक्षक विशाल शर्मा व टीम नें नाबालिक किशोरी को बिहार के गोपालगंज से ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया है । बताया गया कि चौकी सिहावल में वर्ष 202× में एक परिजन नें रिपोर्ट किया कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से गायब है, रिश्तेदारी नातेदारी मे पता किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मामला गंभीर

होने के कारण चौकी प्रभारी सिहावल नें वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित करते हुए उनके निर्देशन में मामला पंजीबद्ध कर किशोरी का पता तलाश किया था किन्तु तब कोई जानकारी नहीं मिली थी, हाल ही मे किशोरी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होने पर चौकी सिहावल प्रभारी नें स्वयं के नेतृत्व में टीम गठित कर किशोरी के पता तलाश हेतु रवाना हुए जो लापता किशोरी को बिहार के गोपालगंज से खोज कर चौकी लाए तत्पश्चात वैधानिक कार्रवाई के उपरांत किशोरी को परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। उपरोक्त समस्त कार्रवाई मे थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय, चौकी प्रभारी सिहावल उप निरी विशाल शर्मा, आरक्षक चैतन्य मिश्रा व दिवाकर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

भारत स्काउट गाइड ने मनाया विश्व चिंतन दिवस

सीधी । छात्र संगठन भारत स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लॉर्ड वेडेन पावेल के जन्म दिवस को विश्व चिंतन दिवस के रूप में भारत स्काउट एवं गाइड के रा'य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे की अध्यक्षता और जिला मुख्य आयुक्त गाइड डॉक्टर श्वेता सिंह की विशिष्ट उपस्थित में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व चिंतन दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि रा'य उपाध्यक्ष ने कहा कि विश्व चिंतन दिवस को हम सभी स्काउटिंग को

अपने जीवन में कितना उतारे हैं इसके संदर्भ में निश्चित रूप से अवलोकन करें। स्काउटिंग स'चे मायने में विद्यालयों में लागू हो, इसके लिए भारत स्काउट एवं गाइड शिक्षा विभाग के साथ मिलकर निरंतर काम कर रहा है। भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर की विशिष्ट रचना है।

निकल चुका सत्र, खत्म नहीं हुए शिक्षकों के अटैचमेंट शिकायत पर नहीं हुई कार्यवाही

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

सिलवानी/बेगमगंज। स्कूल शिक्षा का सत्र विदाई की ओर है। सोमवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। लेकिन रायसेन जिले में नियम विरुद्ध किये गये अटैचमेंट आज तक खत्म नहीं किये गए। हद तो यह है कि अतिथि शिक्षकों तक के अटैचमेंट धड़ले से किये गए। शिकायत लोक शिक्षण संचालनालय और सीएम हेल्पलाईन 29846617 दिनांक 21/11/2024 में किये जाने के वावजूद जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन और बेगमगंज तथा सिलवानी बीईओ के खिलाफ न तो कोई जांच हुई और न ही कोई कार्यवाही की गई। जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन ने अटैचमेंट खत्म करने का मात्र पत्र जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अटैचमेंट की जानकारी मांगे जाने पर बीईओ बेगमगंज सिलवानी ने कोई जानकारी नहीं दी। प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को प्रथम अपील किये जाने पर भी जानकारी उपलब्ध नहीं की गई। वर्तमान जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाई गई और आनन- फानन में जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र क्रमांक/स्था-/शैक्ष.व्यय/समाप्त 2025/891 रायसेन दिनांक 10/2/2025 सभी प्राचार्य और



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला रायसेन (म.प्र.)
mail-deoraisen12@gmail.com , phone-07482-222055

क्रमांक/स्था.-1/शैक्ष.व्यय/समाप्त/2025/891 रायसेन, दिनांक 10/02/2025

प्रति,
प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य समस्त संकुल केन्द्र,
शा.क./क.उच्चतर/हाईस्कूल .....
जिला रायसेन

विषय- अस्थाई शैक्षणिक व्यवस्था समाप्त किया जाना।

---000---

विषयान्तर्गत लेख है कि शिक्षक संघों के लोक सेवकों की अध्यापन कार्य की दृष्टि से आवश्यकता वाली वालाओं में एवं अन्य विभिन्न माध्यमों से अस्थाई शैक्षणिक व्यवस्थायें की गयी थी, उनको नई शैक्षणिक व्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

समस्त संकुल केन्द्र प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि ऐसी समस्त शिक्षक संघों के लोक सेवकों को पदानुसी मूल पदांकित संख्या में उपस्थित होने हेतु तत्काल कार्यमुक्त किया जाना सुनिश्चित करें।

"श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित"

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला रायसेन

पृ.क्रमांक/स्था.-1/शैक्ष.व्यय/निरस्त/2025/892 रायसेन, दिनांक 10/02/2025
प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-
1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल।
2. कलेक्टर, जिला रायसेन।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायसेन।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल।
5. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला रायसेन।
6. मुख्य लिपिक/लेखा-1,2/शिक्षायव, कार्यालय हाजा।
7. संबंधित समस्त लोक सेवक श्री/श्रीमती/सु..... जिला रायसेन की ओर प्रवाहार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला रायसेन

संकुल प्रभारी को पत्र जारी किया गया जिसका कोई असर आज तक नहीं हुआ। जब कलेक्टर के आदेश के बाद और जिला शिक्षा अधिकारी बार-बार पत्र जारी करने के बाद अटैचमेंट खत्म नहीं हुए आप क्या उम्मीद करेंगे कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा को क्या यह सही तरीके से संपन्न कर पाएंगे यह एक शिक्षा विभाग के लिए और शिक्षा जगत को लिए और मध्य प्रदेश की सरकार के लिए एक सवालिया निशान है। सुनने में तो यहां तक आया है की जो प्राइवेट हायर सेकेंडरी स्कूल जहां-जहां हैं उन्ही हाई स्कूलों में इस हाई स्कूल का सेंटर भी बना दिया गया है इससे साफ जाहिर होता है कि जिला शिक्षा अधिकारी की मिली भगत से एक बड़ा रैकेट शिक्षा विभाग के ऊपर चलाया जा रहा है। चर्चाएं तो यहां तक रही हैं कि जितने भी अटैचमेंट वाले टीचर हैं वह शिकायतकर्ता के घर पहुंचा दिए जाएं आप अंदाजा लगाइए क्या ऐसे अधिकारियों से आप उम्मीद करेंगे कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा का स्तर का सुधार होगा संभव नहीं आज भी रायसेन जिले के ग्रामीण अंचलों में शिक्षक शिक्षिकाएं लापताएं वर्षों से स्कूल नहीं पहुंची हैं किसी भी स्कूल की लिस्ट उठा कर देख लीजिए कौन कहां अटैचमेंट है और कब से अटैचमेंट है एक बहुत बड़ा सवाल है पूरे जिले का बर्रा इसी तरह से बिगड़ा हुआ है। और और कलेक्टर रायसेन शिक्षा को बड़े गंभीरता से लिया है अब देखना यह है की क्या कार्यावाही होती है।

दो दर्जन से अधिक सदस्य की सहमति से मुजीव खान बने अध्यक्ष

लटेरी। कल बासौदा में स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस श्रमजीवी पत्रकार संघ की विदिशा जिले की समस्त इकाइयों का मिलन समारोह में रखा गया जिसमें जिले भर से सभी जिला एवं इकाइयों के अध्यक्ष तथा पत्रकार साथी उपस्थित रहे सभी का सामूहिक रूप से परिचय कराया गया कार्यक्रम में बासौदा एसडीएम एवं जनपद के अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष नरेंद्र भदोरिया के साथ संगठन मंत्री हाकम सिंह सहित जिले भर के सभी पत्रकार मौजूदगी में लटेरी इकाई के अध्यक्ष पद की घोषणा की गई जिसमें लटेरी इकाई मुजीब खान

को बनाया गया जिसमें लटेरी इकाई की ओर से मुजीब खान के पक्ष में 28 लोगों का लिखित सहमति पत्र जिला अध्यक्ष को सोपा गया सभी ने फूल मालाओं से स्वागत सत्कार कर मुजीव खान को नवीन पदभार संभालने की दी शुभकामनाएं।

मेरी मातृभाषा मेरा सम्मानअंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर परिसर में संगोष्ठी आयोजित की गई

दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

मंडलेश्वर। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कलेंडर के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में संगोष्ठी, भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय संचालक बी.एम. पाटीदार सर ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से युवा विद्यार्थियों को अपनी पहचान से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है। अकादमिक संचालक संजय गर्ग सर ने बताया कि प्रत्येक मातृभाषा का अपना अलग महत्वपूर्ण स्थान होता है, जिसके प्रयोग से व्यक्तित्व विकास में आत्मीयता आती है।संगोष्ठी संयोजक प्रो हरिवल्लभ शास्त्री ने विद्यार्थियों को बताया कि मातृभाषा सब से अधिक उपयुक्त रहती है ,

जिसका स्थान कोई ओर भाषा नहीं ले सकती है, आधिकारिक भाषा कोई भी हो, लेकिन जीवंत संपर्क की भाषा सदैव मातृभाषा ही रहती है, मातृभाषा हमेशा सहजता और सरलता प्रदान करती है, क्षेत्रीय भाषा में अपनी निमाड़ी का अनूठा स्थान है। कु. शिवानी केवट और कु. टिवंकल गोस्वामी ने मधुर निमाड़ी लोक गीत का गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में अभिषेक जायसवाल (बी.कॉम. द्वितीय वर्ष) भाषण में अग्रणी रहा। संगोष्ठी में प्रो शिवपाल सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को बताया कि यूनेस्को द्वारा 1999 में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को मनाने का अनुमोदन किया था। किसी भी भाषा में शब्दों की यात्रा बहुत लंबी होती है और उनका प्रयोग का बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है। संवाद सदैव मातृभाषा में ही प्रभावी होता है।कार्यक्रम में प्रीतेश पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, प्रो.राजू काले, प्रो. शशांक शुक्ला, प्रो.राजेंद्र पाटीदार, प्रो. मुरलीधर कर्मा, प्रो. अंकित चोरे, प्रो. पूजा सोलंकी , प्रो. सुनीता पाटीदार, प्रो. नाहिद मंसूरी, प्रो. पूजा पांडेय, प्रो. रितु साहू, प्रो.पूजा कुमारवत, प्रो. सुरभि बड़ोले, प्रो जागृति जोशी, प्रो.निहारिका मकवाने, प्रो. सपना वर्मा, प्रो. मुस्कान सेन, प्रो. नितिन यादव, प्रो. धर्मेंद यादव, प्रो. यशवंत कुमार, प्रो. मुस्कान जैन, प्रो. अंजलि बड़ोले, प्रो.किरण एवं सहयोगी राहुल शर्मा, राजेश पटेल के साथ सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पटवारी सघ ने ज्ञापन दिया पांच सूत्री मांगों को लेकर घटिया पटवारी संघ के बैनर तले

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

पटवारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि घटिया इकाई के सभी पटवारी द्वारा आज पांच सूत्री मांगों को लेकर हमने ज्ञापन दिया है ज्ञापन में प्रथम मांग स्वामित्व योजना का मानदेय 100त्न कार्य पूर्ण होने पर भी लंबित है मानदेय दूसरा लघु सिंचाई सगण्ना लंबित मानदेय दिया जावे तीसरा कृषि संगणना लगभग 3 वर्ष लंबित मानदेय दिया जावे विगत चार मांह से लंबित एग्री स्टेक भत्ता वह स्टेशनरी भत्ता पटवारी गाणोको बजट न होने से अपर्याप्त है भक्तों का भुगतान शीघ्र किया जावे चौथा शासन से सहानुभूति पूर्ण आश्वासन न मिलने पर हम अपनी मांगों के समर्थन में

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के बैनर तले समस्त पटवारी राजस्व कार्यो का बहिष्कार कर कलम बंद हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी विनम्र अनुरोध के बाद अगर हमारी मांगे पूर्ण नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन जाने को बाध्य है दिनांक 24 2 25 को सभी पटवारी शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट हो जाएंगे वहीं समस्त पटवारी घटिया तहसील 24। 2। 25 से 26 2 25 तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे जिसकी पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी घटिया पटवारी संघ अध्यक्ष

नारी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई

अनिता भागचंद जैन ने सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सनावद। नारी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई। क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर योगेंद्र रूनवाल और जीईटी कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन ने सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में रूनवाल ने कहा कि क्लब की जीईटी कॉर्डिनेटर अनिता जैन द्वारा लायनवाद के उद्देश्यों के अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने

की दिशा में अत्यंत सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जैन ने कहा कि सिलाई केंद्र के माध्यम से महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इससे परिवारों की आय में वृद्धि होगी। जैन ने कहा कि क्लब द्वारा नारी स्वावलंबन और बालिका शिक्षा हेतु हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। ये कार्य निरंतर जारी रहेगा। सिलाई केंद्र की प्रशिक्षिका मधु चौहान ने क्लब द्वारा तीन सिलाई मशीनें प्राप्त होने पर जैन के प्रति आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा।क्लब द्वारा अभी तक 7 सिलाई केंद्र खोले जा चुके हैं हैं। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट सचिव कैज़ार हुसैन बोहरा, रीजन चेयर पर्सन प्रियंका गुजराती, झोन चेयर पर्सन जाकिर हुसैन अमी,क्लब के अध्यक्ष रजनीश जैन, डॉ.श्वेता पंचोलिया,सरोज सिंह, भागचंद जैन,सपन जैन,रजत जैन, अनिल अरझरे,विजय राठौर, माया मंडलोई,सीएस मंडलोई, योगेश सोनी,मेघना जैन,अनुराधा जैन आदि उपस्थित थे।

सी एम राइज़ बड़ावदा के नौ विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप योजना के अंतर्गत राशि

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

बड़ावदा। म.प्र. शासन की मेघावी छात्र प्रोत्साहन योजना(लैपटॉप योजना) के अंतर्गत बड़ावदा सीएम राइज विद्यालय के नौ प्रतिभावान विद्यार्थी लाभान्वित हुए। ज्ञात रहे कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने विद्यार्थियों को हर वर्ष इस योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए 25000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है। ललिता महावीरदास, माही चेतन, नंदनी दिनेश, चंचल राजाराम, नेहा जगदीश, सचिन प्रकाश, सुशीला नंदकिशोर, शानू बालमुकुंद व सपना मुकेश को इस वर्ष लैपटॉप योजना का लाभ मिला। प्राचार्य गोविंद सिंहमालीवाड़ सहित शाला परिवार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक की आयोजित

विकास कार्य समय सीमा में पूर्ण करें ने के दिए निर्देश

घटिया विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक सभी विभागों की आज विधायक सतीश मालवीय द्वारा आयोजित की गई सभी विभागों की सभी भागों के अधिकारी मौजूद रहे अधिकारियों को समय सीमा में विकास कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए वह सभी जरूरी निर्देश दिए गए उसके साथ जनपद पंचायत घटिया की समस्त ग्राम पंचायत के सरपंचों की भी बैठक ली गई बैठक में विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और जो काम चल रहा है उसे जल्द से जल्द पूर्ण करें वही क्या ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य करने पर जोर डाला तथा पंचकोशी मार्ग पर जो पंचायत हैं उन सभी को पंचकोशी यात्रा को देखते हुए जरूर निर्देश दिए आगामी महापर्व सिंहस्थ को देखते हुए

उज्जैन से लगी हुई ग्राम पंचायत है ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य की रूपरेखा बनाने पर प्रकाश डाला वह जरूरी संसाधन सड़क पानी सामुदायिक भवन तीन सेट तालाब गहरीकरण और भी ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य की रूपरेखा बनाएं कम करें धन की कमी नहीं आने दी जावेगी कुछ सरपंचों द्वारा रोड वह स्कूल भवन की मांग रखी गई गांव में तीन सेट और हर ग्राम पंचायत में हजार से 2000 आदमी ठहरने के लिए मांग रखी गयी कार्यक्रम में एसडीएम राजाराम कार्जर जनपद सीईओ गुमान सिंह मुजाल्दे अतिरिक्त अधिकारी रितेश सोनी एवं जनप्रतिनिधि जसवंत सिंह उमठ जसोदाबेन बैरागी सभी मंडल के अध्यक्ष विश्राम सिंह कराड़ा आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बड़केश्वर महादेव मेले से भगोरिया पर्व की होगी शुरुआत

24 फरवरी से 2 मार्च तक लगेगा मेला

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

बाग। बाग से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित अतिप्राचीन बड़केश्वर महादेव मंदिर तीर्थ में महाशिवरात्रि पर्व पर 24 फरवरी से 2 मार्च तक सात दिवसीय मेला लगेगा जिसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। जनपद पंचायत कुक्षी की ग्राम पंचायत खण्डलई के अंतर्गत परंपरागत सात दिवसीय भव्य मेले का आयोजन होता है।इस मेले मे कानून व्यवस्था पुलिस थाना बाग सम्हालता है। अतिप्राचीन बड़केश्वर महादेव मंदिर कुक्षी-बाग मुख्य मार्ग से 2 किलोमीटर अंदर सुरम्य पहाड़ियों की तलहटी में बसा हुआ है। बड़केश्वर महादेव मंदिर में महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां गर्भगृह में दो-दो शिवलिंग हैं और दोनों ही शिवलिंग की जलाधारी पूर्व दिशा की ओर है और यह किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। महाशिवरात्रि बड़केश्वर मेले में आदिवासी समाजजन ढोल मांदल की थाप के साथ बड़केश्वर महादेव के सामने रंग गुलाल के पर्व व भगोरिया पर्व की शुरुआत यहीं से करते हैं। इसके बाद क्षेत्र में भगोरिया पर्व का उत्साह भरा वातावरण पूरे सप्ताह जारी रहता है इस माह की 26 फरवरी को आने वाले महाशिवरात्रि पर्व पर 24 फरवरी से प्रारंभ होने वाला यह मेला समूचे निमाड़, मालवा के साथ ही गुजरात के भी श्रद्धालुओं में प्रसिद्ध है भक्तों के लिए बड़केश्वर महादेव मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र बिंदु बना हुआ है महाशिवरात्रि पर्व पर 24 फरवरी से प्रारंभ होने वाले सात दिवसीय इस प्रख्यात मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर बड़केश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे।

संस्कृति का संगम है मेला :-

बड़केश्वर महादेव मेले के साथ ही मिलीजुली और आदिवासी संस्कृति का संगम भी है मेले में अमावस्या के दिन पारंपरिक गेर निकलती है और यही से आदिवासी संस्कृति के लोकपर्व भगोरिया पर्व की शुरुआत भी होती है आदिवासी समाजजन भगवान बड़केश्वर महादेव के सम्मुख ढोल-मांदल बजाकर भगवान बड़केश्वर महादेव के साथ गुलाल खेलकर भगोरिया



पर्व ओर होली की शुरुआत भी करते हैं इस मेले में आदिवासी समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में भी शामिल होते हैं।

महाकालेश्वर पीठ बाग के अधीन है मंदिर :-

अतिप्राचीन बड़केश्वर महादेव का यह मंदिर महाकालेश्वर पीठ बाग के अधीन है जहां पुरी (गोस्वामी) संप्रदाय के वंशज विगत 16 पुश्तों से भगवान शिव का पूजन व अर्चना करते आ रहे हैं। बड़केश्वर महादेव की मान्यता है कि कई वर्षों पूर्व महाशिवरात्रि पर रात्रि 12 बजे भगवान भोलेनाथ की महाआरती के समय प्रकृति भगवान और भक्तों का केसर की बूंदों से स्वागत करती थी बताया जाता है कि यहां पर लगने वाले मेले में लगने वाली दुकानों के तंबू पर भी केसर के छींटे दिखाई पड़ते थे पहले मंदिर की गुफा के ऊपरी स्रोत से जलधारा से प्रकृति स्वयं भगवान शिव का अभिषेक करती थी आज भी मंदिर में पानी की बूंदे टपकती रहती हैं।

पहले बैलगाड़ियों से अभिषेक करने आते थे श्रद्धालु :-

अलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य हरीतिमा से श्रृंगारित मंदिर की पहाड़ियां व तलहटी में भगवान महादेव का साक्षात वास बरबस ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है वर्षों पूर्व से जब पैदल और बैलगाड़ी से श्रद्धालु इस मेले को देखने और महाशिवरात्रि पर बड़केश्वर महादेव का जलाभिषेक करने आते थे तब से लेकर आज तक उसी श्रद्धा और विश्वास से यहां पर मेला लगता है।

सुबह से देर रात्रि तक उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़ :-

मन्दिर के पुजारी महंत संजय पूरी गोस्वामी ने बताया कि महाशिवरात्रि को अलसुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बड़केश्वर महादेव मंदिर में दर्शनार्थ उमड़ती है व देर रात तक दर्शन का क्रम चलता रहता है महाशिवरात्रि को रात्रि 9 बजे से बड़केश्वर महादेव मंदिर में महारुद्र अभिषेक किया जाता है इसके बाद बड़केश्वर महादेव को दूल्हे के रूप में सजाया जाएगा और रात्रि 12 बजे महाआरती कर महाप्रसादी वितरित की जाएगी। मालवा व निमाड़ के सबसे बड़े मेले के रूप में प्रसिद्ध महाशिवरात्रि पर्व पर बड़केश्वर महादेव मेला 24 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च सात दिनों तक चलेगा मेले के पांचवे दिन 28 फरवरी अमावस्या को भगोरिया की गैर फिरेगी जिसके दो दिनों बाद मेले का समापन हो जाता है।

संत श्री सूरजपुरी महाराज के सानिध्य में होगा आयोजन

गंगाकुई धाम में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन बाग धार

बाग से अति प्राचीन पुर्णानिक व श्री श्री 1008 अवधूत प.पू. गुरूदेव श्री लक्ष्मणगिरीजी सरकार की सिद्ध तपोभूमि पर प.पू.गुरुदेव श्री श्री 1008 संत शिरोमणि सुरजपुरी महाराज की कर्म भूमि पावन धरा श्री गंगाकुई धाम में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। यह फाल्गुन कृष्ण, त्रयोदशी 23 से प्रारंभ होकर 27 फरवरी को भंडारे के साथ पुर्णावति सम्पन्न होगा। यहां विराजित संत सुरजपुरी महाराज के सानिध्य व यज्ञाचार्य पं. श्री माखन जी शर्मा के आचार्य पद मे पंच कुण्डात्मक शिव शक्ति महारुद्र यज्ञ त्र्यंबकेश्वर महादेव सिध्देश्वर हनुमानजी मंदिर एवं रुद्राक्ष सिध्द महोत्सव का आयोजन होगा। गंगाकुई धाम पर स्तिथ पुरातन त्रयंबकेश्वर महादेव ओर सिध्देश्वर हनुमान मंदिर पर महाराज के सानिध्य में अभिषेक व चोला श्रृंगार पर्व पर अष्टप्रहर रुद्राभिषेक महाशिवरात्रि के दिन

संपन्न होगी। वहा विराजमान संत सुरज पुरी महाराज ने अपने तपोबल ओर नित्य वैदिक अनुष्ठानों ओर धार्मिक आयोजनों से ऊजार्वान क्षेत्र के रुप मे विकसित हो रहा है। 23 फरवरी को पहले दिन कलश यात्रा के साथ आयोजन होगा।साथ ही मण्डप प्रवेश, देव आह्वान अग्नि स्थापना एवं महारुद्र यज्ञ शुरू होगा तो 26 फरवरी शिवरात्रि के दिन भगवान त्र्यंबकेश्वर महादेव का चारों प्रहर अभिषेक होगा। वहीं 27 फरवरी को रुद् यज्ञ की पूणाहुति के साथ विशाल भंडारे के साथ

जवाहर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई, बेरिगेट्स लगाकर रोकी गई भारी वाहनों की आवाजाही

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सनावद। नगर में यातायात की बिगड़ी व्यवस्था व रोजाना लगने वाले जाम की स्थिति छुपी नहीं है। मुख्य मागों, चौराहों के साथ हाईवे व गलियों में भी यहीं स्थिति बनती है। नगर की सीमा क्षेत्र में आने वाले भारी वाहनों के कारण लगने वाले बार-बार जाम से नगर पालिका को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते नपा अधिकारी व अध्यक्ष ने खरगोन मार्ग पर भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया। जिसके बाद इस मार्ग पर रहने वाले लोगों व दुकानदारों ने नपा की इस कार्रवाई पर शहरहित में बताया।त्रिकोण चौराहा से लेकर मोरटक्का चौराहा, खरगोन रोड से मंडी चौराहे तक भारी वाहनों के निकलने से कई बार जाम की स्थिति बनती है। कई बार आमने सामने से वाहन आने के बाद यहां जाम लग जाता है। जिससे वाहन चालकों के साथ ही नगरवासियों को निकालने में मशक्कत करना पड़ती है। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा पूर्व की परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित कर इस मार्ग से भारी वाहनों की आवागमन पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन इस निर्णय पर ठोस कार्रवाई नहीं करते हुए लेटलतीफी की जा रही थी। जिसके बाद इस मार्ग पर बार-बार जाम लगने के कारण शहर की सीमा से गुजरने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाएं जाने की मांग की जा रही थी। जिसके चलते सीएमओ राजेंद्र मिश्रा व नपा अध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला ने मार्ग पर बोर्ड लगाकर भारी वाहनों के आवागमन के लिए प्रतिबंधित कर दिया। सीएमओ मिश्रा ने बताया नगर के व्ययस्तम मार्ग पर जाम के कारण कई बार परेशानी की स्थिति निर्मित होती थी। जिससे वाहन चालकों सहित इस मार्ग पर शैक्षणिक संस्थाएं होने से विद्यार्थियों को भी परेशानी होती थी। जिसके बाद मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है।इंदर बिरला ने खरगोन रोड, जवाहर मार्ग पर कई बार अतिक्रमण व वाहनों के कारण जाम लगता था। जिसमें मोरटक्का चौराहा पर अधिक परेशानी होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। अब इस मार्ग पर भारी वाहन नहीं निकालेंगे। साथ ही सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक इस मार्ग पर भारी वाहन नहीं निकालेंगे। इस बीच में यदि कोई भारी बाहर निकलता है तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

कम खाओ और गम खाओ तो स्वस्थ रहोगे और लड़ाई - झगड़े से भी बचे रहोगे : बाबा उमाकान्त जी महाराज

उज्जैन बाबा उमाकान्त जी महाराज ने जिला - नैनीताल के हल्द्वानी में सतसंग के माध्यम से बताया कि ऑपरेशन से क्यों बचना चाहिए। बाबाजी ने कहा कम खाओ, गम खाओ। जब ज्यादा खा लेते हो और डॉक्टर के पास जाते हो तो वह तुरंत पैसा जमा करके ऑपरेशन करेगा। अब एक बार अगर ऑपरेशन करा लिया तो कोई गारंटी नहीं है कि दुबारा फिर ना कराना पड़े। दुबारा जाओगे फिर ऑपरेशन, तिबारा जाओगे फिर ऑपरेशन। एक आदमी तो ऑपरेशन कराते - कराते ऊब गया और डॉक्टर ने फिर बता दिया ऑपरेशन, तो बोला डॉक्टर साहब, अबकी बार जब ऑपरेशन करना तो टांका मत लगाना; सिलाई मत करना, बटन लगा देना बटन और या तो चैन लगा देना। जब फिर आऊं तो चैन खींच कर के ऑपरेशन कर देना। टांका लगाते हो तो वह पकता है, फूटता है और पट्टी करानी पड़ती है, परेशानी होती है। इसीलिए टांका मत लगाना।।

ऑपरेशन से क्यों बचना चाहिए? :-

एक बार जिसके शरीर का ऑपरेशन हुआ तो फिर समझलो सिस्टम बिगड़ जाता है। इस शरीर को चलाने वाली तीन मुख्य नाड़ियां होती हैं - इड़ा, पिंगला, और सुषुम्ना। उन्हीं नाड़ियों की बहत्तर हजार शाखाएं (नसें) इस शरीर के अंदर होती हैं और उनमें से बहुत सी नसों को तो आप देख भी नहीं सकते हो, डॉक्टर भी नहीं देख सकते हैं। जब वे कट जाती हैं तो खून का प्रवाह कम हो जाता है, उसमें रुकावट आ जाती है। बहुत से लोगों के पेट की नसों में तनाव होता है तो हाथ मसलने लगते हैं। सर में रुकावट आती है तो भी दबाते हैं ताकि खून का संचार फिर से चालू हो जाए। चूंकि उनको देख नहीं पाते हो और जब वे कट जाती हैं तो बराबर बीमारियां लगी रहती है। इसीलिए कहा जाता है कि ऑपरेशन से बचना चाहिए। और कम खाओ तो आराम से हजम हो जाए।

देर रात की घटना मंदिर के बगल में झोपड़ी में लगी आग नहीं पहुंची सरई की दमकल फायर ब्रिगेड की गाड़ी

केसरिया हिंदुस्तान सिंगरौली सरई
बृजेश तिवारी

फायर ब्रिगेड की गाड़ी नगर परिषद में वर्षों से खड़ी है लेकिन फायर ब्रिगेड चलाने के लिए आज तक कर्मचारी भर्ती नहीं हुई स्थानी सफाई कर्मी के भरोसे दमकल विभाग की गाड़ी सरई में पदस्थ प्रधान आरक्षक आशीष त्रिपाठी ने अकेले आग पर पाया काबू देर रात तक बुझाई गई आग,मौके पर नहीं पहुंची फायर सेफ्टी की गाड़ी सिंगरौली सरई नगर परिषद के धनौजा मंदिर के बगल में लगी झोपड़िया में भीषण आग,धू धू कर जली तीन से ज्यादा झोपड़ी, मौके पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी,घटना स्थल पर पहुंची सरई पुलिस,आग पर पाया काबू, तब तक तीन से ज्यादा जल चुकी थी झोपड़ियां,आग लगने का कारण अज्ञात,सरई थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार बगल देर रात की घटना, वही स्थानी लोगों ने बताया की झोपड़ी के अंदर कोई नहीं था त्योहारों में झोपड़ी में दुकान लगा करती थी जो इस समय खाली था और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने का कारण वही मंदिर परिसर के आसपास कोई रावत व्यक्ति रहता है जिसका मानसिक हालत ठीक नहीं होने की वजह से शायद आग लगा दिया होगा

ग्रिड रिनोवेशन के चलते आज चार घंटे विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। रविवार को जोबट नगर सहित कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में चार घंटे विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। बिजली कंपनी के सहायक यंत्री ने वीरेंद्र सोलंकी ने बताया कि 33/11 केवी जोबट उपकेंद्र ग्रिड का रेनोवेशन और 11केवी जोबट फीडर पर कंडक्टर का रिवेम्प योजना अंतर्गत आवश्यक कार्य किया जाना है। इसके चलते जोबट नगर सहित ग्राम रामपुरा, चोहली, जाली, पनेरी, गुड़ा, घोसलिया आदि स्थानों पर आज सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर समय को कम या ज्यादा किया जा सकता है।

यातायात पुलिस द्वारा वाहन दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु प्रयास, नियमों का पालन न करना पर समन शुल्क की बसूली एवं समझाइस की कार्यवाही जारी

देनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी

यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे एक सैंकड़ा ऑटो चालकों पर यातायात प्रभारी नीरज शर्मा व यातायात स्टाफ़ ने चलानी कार्यवाही कर 30 हज़ार रुपय समन शुल्क वसूला गया बड़ती दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु 100 से अधिक ऑटो पर रॉंग साइड पर स्वयं यातायात प्रभारी ने खड़े होकर जाली और लोहे की रॉड लगवाई ऑटो चालकों को निर्धारित गणवेश में आधार कार्ड सहित एवं मोबाइल नंबर गाड़ी में चस्पा करने हेतु समझाइए दी गई पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉक्टर राय सिंह नरवरिया के निर्देशन में जिले में लगातार वाहन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु प्रयास किया जा रहे हैं जिनके चलते यातायात प्रभारी सूबेदार नीरज शर्मा द्वारा आज दिनांक 22 2.2.2025 को ओरछा क़स्बे अंतर्गत ऑटो चालक जिनके द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था ऐसे ऑटो चालकों पर चलानी कार्यवाही कर लगभग 30000 का सामान शुल्क वसूला गया। वाहन दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु ऑटो से सवारी रॉन्ग साइड उतर जाती हैं जिसके चलते 100 से अधिक ऑटो में रॉन्ग साइड जाली लगाकर पैक की गई । तथा समस्त ऑटो चालकों को यातायात नियमों के संबंध में जैसे क्षमता से अधिक सवारी ना बैठाना , निर्धारित जगह पर पार्किंग करना ,यातायात नियमों का पालन करना आदि समझाइए दी गई साथ ही ओरछा जो कि विश्व स्तरीय पर्यटक नगरी के रूप में विख्यात है को अपराध मुक्त रखने हेतु समस्त ऑटो संचालकों को ऑटो में मोबाइल नंबर आधार कार्ड चश्पा करने हेतु निर्देश दिए उक्त कार्यक्रम में यातायात प्रभारी नीरज शर्मा , उ.नि धूराम अहिरवार ,प्र.आ प्रशांत,चंद्रभान,अनिकेत,पवन की भूमिका रही।

तेरहवें ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजते हैं श्रद्धालु, हल्दी के हाथ लगाने की है मान्यता

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू

दमोह/बांदकपुर। दमोह जिला मुख्यालय से 16 किमी दूर बुंदेलखंड के विंध्य पर्वत की श्रेणियों में बांदकपुर गांव में सिद्धक्षेत्र जागेश्वर धाम स्थित है। यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र है और भगवान जागेश्वरनाथ को तेरहवें ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है। मंदिर में भगवान शिव का स्वयंभू शिवलिंग प्रतिष्ठित है जिनके दर्शन तथा पूजन से श्रद्धालु भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यहां गर्भगृह के पीछे हल्दी के उलटे हांथ लगाने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है और मनोकामना पूरी होने पर इन हांथ को सीधा लगाया जाता है।

बालाजीराव को दिया स्वप्न :-

लगभग 325 वर्ष पूर्व मराठा दीवान बालाजी राव चांदोरकर जिनका मुख्यालय दमोह था। एक दिन यात्रा करते हुए बांदकपुर आए और वर्तमान इमरती कुंड में स्नान कर पूजन में मग्न थे। कहा जाता है भगवान शिव ने दर्शन दिए और कहा कि वटवृक्ष के पास जहां घोड़ा बंधा हुआ है। उसके नीचे खुदाई करके मुझे भूमि से ऊपर लाने का प्रयास करो।

ध्यान समाप्त होने पर बालाजी राव ने उस स्थल की खुदाई कराई जहां काले भूरे पत्थर का शिवलिंग दृष्टिगत हुआ। कहा जाता है कि 30 फीट तक खुदाई करने पर भी शिवलिंग का अंत नहीं दिखाई दिया। तब खुदाई रोक दी गई। फिर आसपास 12 फीट की नींव देकर मंदिर का निर्माण कराया गया।

गर्भ गृह के सामने है पार्वती मंदिर :-

भगवान जागेश्वरनाथ का शिवलिंग जमीन की सतह पर है। शिवलिंग को भेंट करते समय बाद दोनों बाजुओं में नहीं समाता। मंदिर का मुख्य द्वार पूर्व की ओर है। पूर्व द्वार से जागेश्वर मंदिर से लगभग 100 फीट की दूरी पर पश्चिम की ओर जगत जननी मां पार्वती की मूर्ति इस

अद्भुत ढंग से विराजमान है कि उनकी दृष्टि सीधी आकर भगवान जागेश्वर की मूर्ति पर पड़ती है। इसके बीच में ही विशाल नंदी मठ स्थित है। नंदी ऊंचाई में होने पर भी दोनों के दर्शन स्पष्ट दिखते हैं। नंदीमठ के पास अमृत कुंड, इमरती बावली है जिसमें ट्रस्ट कमेटी ने सीड़िया लगा दी हैं एवं विद्युत पंप लगाकर ऊपर पानी की व्यवस्था की है। इस बावड़ी में गंगोत्री, जमनोत्री, नर्मदा नदी आदि पवित्र नदियों का जल यात्रीगण छोड़ जाते हैं। यह पवित्र जल ही शिवलिंग पर चढ़ा कर गंगाजली में घर ले जाते हैं। श्रद्धालु गंगाजल के साथ कांवर भी चढ़ाते हैं।

लगते है हल्दी के हांथ :-

अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए श्रद्धालु हल्दी के हाथ गर्भगृह के पीछे दीवाल पर लगाते हैं और मनोकामना पूर्ति होने पर पुन- आते हैं। कावरयात्री नर्मदा तट से जल लाकर श्रद्धा पूर्वक भगवान शिव को चढ़ाते हैं।

बने हैं कई मंदिर :-

मंदिर परिधि में शिव पार्वती मंदिर के अलावा श्री भैरवनाथ मंदिर, राम लक्ष्मण जानकी मंदिर, हनुमान मंदिर, सत्यनारायण मंदिर भी हैं। यहां यज्ञ भी होता है।

जागेश्वर मंदिर की सिद्धि से जुड़ी कुछ घटनाएं :-

पूर्वज बताते हैं कि महाशिवरात्रि पर सवा लाख का कावरों का जल शिव पार्वती पर अर्पित होने पर दोनों मंदिर के स्वर्ण कलशों पर लगे झंडे आपस में मिल जाते हैं। इसका उल्लेख दमोह गजेटीयर में भी है। ऐसा भी कहा जाता है कई साल पहले एक बालिका देव पूजन के लिए आई भक्तों की भीड़ में धक्के के कारण फिसल कर पानी में गिर गई और उसकी मौत हो गई। तब श्रद्धालु भक्तों ने महादेव के शिवलिंग के समक्ष उसका शव रखकर उनकी स्तुति की दरवाजे बंद कर दिए।कुछ देर बाद बालिका जीवित हो उठी। इसका विशद वर्णन जागेश्वर रहस्य में उलेखनीय है। जागेश्वरधाम मंदिर के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया भगवान जागेश्वरनाथ को तेरहवें ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है। चारों धाम की यात्रा करने के बाद श्रद्धालु जागेश्वरधाम आते हैं तब उन्हें यात्रा का पूरा फल मिलता है। महाशिवरात्रि को लाखों श्रद्धालु भगवान को जल अर्पित करने पहुंचते हैं। एक लाख कांवर भगवान को चढ़ने के बाद शिव मंदिर और पार्वती मंदिर के झंडे आपस में मिल जाते हैं।

बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह हुआ आयोजित

शिक्षक परिवार ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक

बड़ावदा। सी एम राइज़ शा उ मा वि बड़ावदा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओ ने कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों को विदाई समोराह का आयोजन कर विदाई दी। 12 वी के सभी विद्यर्थियों को स्कूल के छोटे भाई व बहनो ने गिफ्ट देकर सम्मान किया। 12 वी के विद्यर्थियों ने संस्था के सभी शिक्षकों का सम्मान भेंट देकर किया। प्रचार्य गोविंद सिंह मालिवाड़ को स्कूल के लिये महा पुरुषों की तस्वीर भेंट की। प्रचार्य ने सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ज्यादा से ज्यादा अंक लाकर शासन की स्कूटी योजना,लैपटॉप योजना, मेधावी छात्रवृत्ति योजना,आदि का लाभ ले। आप सफल होकर अपने माता पिता ,शिक्षक,व गाँव का नाम रोशन करे। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी विद्यार्थियों को स्वल्पआहर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वी की छात्रा समृद्धि बैरागी ने किया।

जनसुनवाई कलेक्टर धार से भी नहीं हुआ हल

सड़क-पानी की समस्या से जूझ रहे सेमलिया टोड़ी के ग्रामीण

दैनिक कैसरिया हिन्दुस्तान

सरदारपुर । सरदारपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत लाबरिया के गावं गंगातलाई को मुख्य सड़क तक नहीं जोड़ा गया है पक्की सड़क नहीं बनने पर बरसात के दिनों में ग्रामीणों का मुख्य रोड तक पहुंचने तक का रास्ता बंद हो जाता है। ग्रामीण गांव में रहते हुए भी मुसीबत भरा जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मगर अभी तक गांव में शासन व प्रशासन द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। सुविधाएं नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत से लेकर कलेक्टर तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या को लेकर अभी तक सुनवाई नहीं की गई है। जब कही सुनवाई नहीं हो रही थी तो ग्रामीणों ने अपनी समस्या महिला कांग्रेस धार जिलाध्यक्ष मैना मारू को बताया, समस्या सुनने के लिए जिलाध्यक्ष मैना मारू ग्रामीण पत्रकार संघ सरदारपुर के सदस्यों को लेकर सेमलिया टोड़ी गावं पहुचें और ग्रामीणों से चर्चा की इस दौरान ग्रामीणों ने मिडिया के समक्ष समस्या बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत लाबरिया का गावं गंगातलाई तीन तोड़ी (माचर पाड़ा, सेमलिया टोड़ी, गंगातलाई) में बटा हुआ है, जिसकी

कुल जनसँख्या 600 के लगभग है गंगा तलाई के पास माही नदी बह कर जा रही है जिसमें इस क्षेत्र को डूब क्षेत्र बोला जाता हैं इसीलिए कुछ लोग वहां से उठकर अलग-अलग अपनी जगह पर बस गए जहां उनकी थोड़ी-थोड़ी सी जमीन है जिस पर खेती और मजदूरी करते हैं । अभी तक नल जल योजना भी हमारे गावं में नहीं पहुँच पाई है गावं में सर्वे तो हुआ था किन्तु उसके बाद में कोई कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम पंचायत के सरपंच, क्षेत्र के विधायक और जनसुनवाई कलेक्टर धार में भी करी पर समस्या का हल अभी तक नहीं हुआ । सेमलिया टोड़ी के ग्रामीणों का कहना है कि हम शासन एवं प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कुछ नहीं मांगते बस हम हमारे बच्चों का भविष्य के लिए सोचते हैं कि सेमलिया टोड़ी से एक से दो किलोमीटर का पक्की सड़क बन जाये जो मुख्य सडक से गावं जुड़ जाये तो बारिश के दौरान ग्रामीणों एवं स्कुल के बच्चो को आने जाने में परेशानी नहीं हो । ग्रामीणों के अनुसार जब बारिश ज्यादा होती है उस दिन गावं के बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं साथ ही ग्रामीण परिवार दूध उत्पादन का कार्य करते हैं और समीप गावं बोडिया में दूध डेरी में बेचने जाते हैं तो रास्ता खराब होने के कारण गाड़ी फिसल जाती है जिससे कभी कभी आर्थिक नुकसान भी होता है ।

दलदल में से निकलने को मजबूर हैं ग्रामीण :-

ग्रामीणों ने गांव की दुर्दशा सुधारने के साथ ही पक्की सड़कें और पानी की व्यवस्था कराई जाने की मांग की है। दरअसल गांव सेमलिया टोड़ी के लोग आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। गांव के लिए न हीं पक्की रोड बनाई गई है और न हीं पीने के पानी की सुविधा है। ग्रामीण प्रशासन की सेवाओं से वंचित रहकर दलदल में से निकलने को मजबूर हैं।

राज्यमंत्री लखन पटेल और पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया अजब धाम पँहुचे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू

दमोह/हटा। प्रदेश के पशुपालन और डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल बटियागढ़ ब्लाक के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अजब धाम पँहुचे और जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए। अजब धाम पँहुचे राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा यंहा श्रीरामचरितमानस महायज्ञ, 27 कुंडीय महायज्ञ, भागवत कथा आयोजन है, जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव से पूरा वातावरण धर्ममय बना हुआ है। जिसमें आसपास के जिलों से लोग पंहुचकर धर्मलाभ उठा रहे हैं, यंहा के महंत श्री छोटे सरकार जी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ कि उन्होंने यह बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री से 26 फरवरी को अजब धाम पधारने की अपील की है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया के साथ देव श्री रामकौमार जी शाला में श्री जै जै सरकार के दर्शन किये और छोटे सरकार से आशीर्वाद लिया तथा भेंट कर धार्मिक कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने यज्ञशाला के पास अयोध्या की तर्ज पर स्थापित प्रतिमा श्रीराम जी के दर्शन किये और कथा स्थल, यज्ञशाला में दर्शन कर भोजनशाला में सहभोज प्रसादी ग्रहण की।

राजधानी भोपाल के ग्राम रूनाह में के.के.विश्वास बंगाली नामक व्यक्ति नकली डॉक्टर बनकर स्वास्थ्य के नाम कर रहा मौत के खेल का गोरखधंधा

ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले गरीबों के साथ कर रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना

केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा .9425727854

राजधानी भोपाल बैरसिया रूनाह गांव में के.क.विश्वास बंगाली नामक व्यक्ति डॉक्टर एमबीबीएस की तरह बड़ा क्लीनिक खोलकर घातक बीमारियों का इलाज कर रहे हैं जैसे बवासीर टाइडफाइड पीलिया शुगर बिना जांच किए कई प्रकार की बड़ी बीमारियों का इलाज चल रहा है इजेक्शन से लेकर बोटल लगकर बीमारियों का कर रहा हैं इलाज बताया जा रहा है कि यह डॉक्टर बंगाली कोलकाता से हैं अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इनको ढूंढना होगा मुश्किल बिना नेम बोड के पर्दे के पीछे चल रहा है मौत का खेल अपनी दुकानदारी का गोरखधंधा फल फूल रहा है भोपाल जिले के रूनाह गांव में चल रहा है राशन की दुकान की तरह दुकान में कई प्रकार की दवाईयां इंजेक्शन रखें हुए हैं चंद रुपए के लालच में मरीजों के साथ चल रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना जब हमने क्लीनिक संचालक के असिस्टेंट से बात की गई यहां पर क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज़ किया जाता है यह क्लीनिक संचालक एमबीबीएस की तरह कर रहे हैं मरीजों का इलाज आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहाहैं ऐसे में कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है

जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में हुए शामिल राज्यमंत्री लखन पटेल और पूर्व वित्त मंत्री वर्तमान विधायक जयंत मलैया अजब धाम पहुंचे

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - जिले के बटियागढ़ ब्लाक के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अजब धाम पहुंचे प्रदेश के पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए। अजब धाम पँहुचे राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा यंहा श्रीरामचरितमानस महायज्ञ, 27 कुंडीय महायज्ञ, भागवत कथा आयोजन है, जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव से पूरा वातावरण धर्ममय बना हुआ है। जिसमें आसपास के जिलों से लोग पंहुचकर धर्मलाभ उठा रहे हैं, यंहा के महंत श्री छोटे सरकार जी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ कि उन्होंने यह बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री से 26 फरवरी को अजब धाम पधारने की अपील की है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने पूर्व वित्त मंत्री वर्तमान दमोह विधायक जयंत मलैया के साथ देव श्री रामकौमार जी शाला में श्री जै जै सरकार के दर्शन किये और छोटे सरकार से आशीर्वाद लिया तथा भेंट कर धार्मिक कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने यज्ञशाला के पास अयोध्या की तर्ज पर स्थापित प्रतिमा श्रीराम जी के दर्शन किये और कथा स्थल, यज्ञशाला में दर्शन कर भोजनशाला में सहभोज प्रसादी ग्रहण की।

रीवा में लव जिहाद के आरोप पर कोर्ट में पिटाई

युवती को लेकर शादी करने पहुंचा था युवक, सूचना पाकर टीआई स्कूटी से पहुंचे

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा। रीवा में मुस्लिम युवक हिंदू लड़की को लेकर शादी करने के लिए जिला न्यायालय पहुंचा जहां पहचान उजागर होने पर वकीलों ने मिलकर युवक की जमकर पिटाई कर दी युवक की पिटाई करने के बाद वकीलों ने युवक पर लव जिहाद करने का आरोप लगाया।

दरअसल, शुक्रवार शाम कोर्ट में वकीलों की हड़ताल होने की वजह से पहले से ही दलील और बहस का काम ठप पड़ा था। वकील अपने चेंबर में बैठकर पुरानी फाइलें निपटा रहे थे। इसी बीच एक मुस्लिम युवक एक ब्राह्मण लड़की को लेकर एक अधिवक्ता के चेंबर में जा पहुंचा आधार कार्ड से पता चला कि युवक मुस्लिम है। अधिवक्ता ने युवक को बताया कि स्टांप पर शादी पूरी तरह से प्रतिबंध और बंद है। जिस पर युवक अधिवक्ताओं से बहस करने लगा अधिवक्ताओं को शक हुआ तो उन्होंने उससे उसका आधार कार्ड मांगा आधार कार्ड देखने पर मालूम हुआ कि युवक मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखता है। इसके बाद देखते ही देखते सभी अधिवक्ता इकट्ठे हो गए।आक्रोशित अधिवक्ताओं ने युवक की जमकर पिटाई कर दी।

पुलिस को हुई जानकारी: टीआई स्कूटी लेकर ही मौके पर पहुंच गए जिस वक्त युवक की पिटाई हो रही थी। उसी वक्त किसी ने पूरे घटना की सूचना सीएसपी रितु उपाध्याय को दी सीएसपी ने तत्काल सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू को रवाना किया। युवक की पिटाई की सूचना पाकर सरकारी गाड़ी छोड़कर टीआई स्कूटी लेकर ही मौके पर पहुंचे। जहां आक्रोशित भीड़ के बीच से युवक युवती को निकाल कर बड़ी मुश्किल से थाने ला पाए

घटना का वीडियो सामने आया थाने लाने के कुछ ही देर बाद युवक को बंदूक धारी पुलिसकर्मी कड़ी सुरक्षा के बीच एमएलसी के लिए अस्पताल लेकर गए हैं। जहां युवक का मेडिकल कराया जाना है।

भगवान को कलयुग में 55 बार जन्म में लेकर भक्तों के लिए आना पड़ा

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट श्री कुबरेश्वर धाम महादेव मंदिर आलोट पर चल रही भागवत कथा में दूसरे दिन की कथा में पंडित श्री दीपक उपाध्याय द्वारा संगीत में कथा का वाचन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं में पहुंचकर लाभ लिया। आज की आरती और प्रसादी का लाभ कुबरेश्वर धाम महिला मंडल ने लिया और प्रसाद वितरण की गई कुंडेश्वर धाम महादेव मंदिर जावरा अगर बायपास रोड पर स्थित है। जहां पर सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का प्रसिद्ध स्थल है वहीं पर कुंडेश्वर धाम मंदिर समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज रात्रि को सुसनेर से पधारे सत्यनारायण सोनी द्वारा नानी बाई के मेरे की कथा का वाचन किया गया। सामूहिक विवाह का भी आयोजन इस कथा के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें तुलसी विवाह भी होगा जिसमें लोग बार चलकर हिस्सा ले रहे हैं।

बाल कल्याण संबंधी विधियों की जानकारी हेतु कार्यशाला आयोजित

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ द्वारा शनिवार को जिले के समस्त थानों में पदस्थ बाल कल्याण अधिकारियों विशेष किशोर पुलिस इकाई पैरालीगल वालेंटियर्स पैनल अधिवक्ताओं हेतु किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम-2015 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012, नालसा- बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजनायें- 2024 तथा नेशनल लोक अदालत योजना विषय पर जिला न्यायालय के ए.डी.आर. सेंटर सभागार में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में उपस्थित अध्यक्ष मुख्य अतिथियों तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा सहभागी पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों, पैरालीगल वालेंटियर्स, पैनल अधिवक्ताओं व समाजसेवी संस्था के सदस्यों को बालकों से संबंधित अपराधों जैसे- बाल विवाह, बाल श्रम, बाल अपराधों से बचाव हेतु पुलिस व समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों की भूमिका विचार व्यक्त कर विधिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों से दैनिक कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त कर उचित निराकरण के संबंध में सुझाव दिये गये। जिले के समस?त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, विशेष पुलिस इकाई के सदस्य, पैरालीगल वालेंटियर्स सम्मिलित रहे। कार्यशाला में स्वयंसेवी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा सहभागिता कर उनके द्वारा किये बालकों के विभिन्न अपराधों से बचाव हेतु संचालित गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की गई।

ट्रैफिकिंग की रोकथाम व सुरक्षित प्रवासन के लिए एक मंच पर आए दक्षिण एशिया के संगठन

बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ट्रैफिकिंग से पीड़ितों ने किए अनुभव साझा

केसरिया हिंदुस्तान

बैतूल। सरकारी, नीति-निर्माताओं, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित नौ दक्षिण एशियाई देशों के हित धारकों ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ सुरक्षित प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी में सभागिता की। प्रदीपन संस्था बैतूल की डायरेक्टर श्रीमती रेखा गुजरे ने बताया कि इस दक्षिण एशियाई संगोष्ठी का आयोजन एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ने किया, जिसमें जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन तकनीकी भागीदारी के रूप में शामिल रहा। मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के बाद 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अवैध कमाई के साथ मानव दुर्व्यापार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन बाल अधिकारों और बाल संरक्षण के लिए दुनिया के 39 देश में कार्यरत नागरिक संगठनों का वैश्विक नेटवर्क है।

समय अधिकार-आधारित रणनीति को अपनाने की आवश्यकता : श्रीमती गुजरे ने बताया कि एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन की पहल पर इस एक दिवसीय संगोष्ठी में समय अधिकार-आधारित रणनीति को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिससे कि पूरे क्षेत्र में प्रवासन नीतियों का समन्वय किया जा सके और अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मानकों के अनुरूप कानूनी और नीतिगत सुधार किए जा सके। इस संगोष्ठी में भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ट्रैफिकिंग से पीड़ित भी मौजूद थे, जिन्होंने अपनी पीड़ा और अनुभव साझा करते हुए इसकी रोकथाम के लिए सुझाव दिए। बाल अधिकारों और बाल संरक्षण के लिए दुनिया के 39 देश में कार्यरत संगठनों का वैश्विक नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन इस परामर्श का तकनीकी सहयोगी था।

मानव दुर्व्यापार को रोकने की चर्चा: ट्रैफिकिंग के खिलाफ तत्काल एक बहु आयामी रणनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संस्थापकने कहा मानव दुर्व्यापार भारी मुनाफे वाला एक संगठित अपराध है, जो विशेष रूप से बच्चों और मजबूर युवाओं के शोषण के सहारे फल-फूल रहा है। इससे निपटने के लिए हमें बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें ट्रैफिकिंग के आर्थिक ढांचे को निस्तेनाबुद करना, संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई से उनकी कमर तोड़ना, ट्रैफिकिंग गिरोह के बारे में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वैश्विक रजिस्टर रखना और इसके माध्यम से स्थानीय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुफिया समन्वय को मजबूत करने जैसे कदमों की जरूरत है।

थाना अमहिया पुलिस ने बलात्कार के आरोपी रवि गुप्ता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक रीवा श्री विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक- 1 रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर बलात्कार के आरोपी रवि गुप्ता को गिरफ्तार कर भेजा जेल ।

घटना का विवरण: । दिनांक 21/02/25 को 19 वर्षीय पीड़िता निवासी अनंतपुर थाना वि0वि0 जिला रीवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इंस्टाग्राम के माध्यम से मेरी जान पहचान रवि गुप्ता निवासी दुआरी थाना गुढ़ जिला रीवा से हुई थी फिर हम दोनो की बात होने लगी रवि गुप्ता ने नौकरी दिलाने के लिए बातचीत करने के लिए दिनांक 13/02/24 को रुतबा रेस्टोरेंट कॉलेज चौराहा के पास बुलाया था और चाउमीन खिलाया था फिर रुतबा रेस्टोरेंट में ऊपर बने कमरे में ले जाकर जबरजस्ती मेरा मुंह दबाकर बलात्कार किया उसके बाद कई बार डरा धमकाकर मेरे साथ बलात्कार किया है आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है मुखबिर की सूचना पर दिनांक 22/02/2025 को आरोपी रवि गुप्ता पिता स्व भगवानदास गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी दुआरी थाना गुढ़ जिला रीवा को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय गया है।

महत्वपूर्ण भूमिका: उनि शिवा अग्रवाल, ऊनि रामानुज बागरी, सऊनि राजेन्द्र द्विवेदी, म0प्र0आर 208 शबाना बेगम, आर.1013 धर्मेंद्र पटेल, आर0 25 अनूप त्रिपाठी, आर विकास तिवारी,आर विक्रम वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और सीएमओ ने किया काहिरी डेम और भगवानपुरा जलाशय का निरीक्षण

आरक्षित जलाशयों का पानी चोरी करने वालो पर की जाएगी एफआईआर दर्ज

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शनिवार को शहर के पेयजल के लिए सुरक्षित प्रमुख जल स्रोतों काहिरी बंधान पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पहुंचकर जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया। पेयजल स्त्रोतों से आरक्षित पानी लगातार चोरी हो रहा है। नदी, नालों और डैमों में बड़ी-बड़ी पानी की मोटर डाल कर पानी की चोरी की जा रही है। यदि इसी रफ्तार से पानी चोरी होती रही तो आने वाले दिनों में शहर के लिए आरक्षित पानी भी खत्म हो जाएगा। भीषण गर्मी के दौर में जलसंकट गहराने के हालात बन सकते हैं। इन शिकायतों को लेकर नपा सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने आरक्षित जलाशयों से पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ जलाशयों के निरीक्षण से नावों से कर्मचारियों को तैनात कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। पूर्व में भी कार्रवाई कर पाइप जब्त कर नगरपालिका की सुपुर्दगी में दिए थे।

जानकारी के अनुसार बीते साल जिले में सामान्य से कम वर्षा रही, आगामी गर्मियों में जल संकट की स्थिति न बने इसलिए पानी सहेजना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी हो जाती है, लेकिन बीते कुछ महिनों से जल स्त्रोतों में से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है और इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं। ऐसे में प्रशासन की अनदेखी कहीं गर्मियों में सीहोर शहर में जल संकट खडा न कर दे। देखने में यह आ रहा है कि बीते कुछ माहिनों से शहर की प्यास बुझाने वाले काहिरी बंधान और जमोनिया तालाब से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है। कई तालाब में मोटर और पाईप डालकर रोजाना पानी चोरी किए जा रहे हैं। जमोनिया डेम में अनेकों किसानों पाईन लाईन और बिजली तार बिछा रखे हैं यह किसान बड़ी मात्रा में तालाब से पानी चोरी कर रहे हैं।

जिले में अवैध शराब का विक्रय न हो कलेक्टर

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आबकारी अमले को जिले में अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए कडे कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को आयोजित आबकारी विभाग की बैठक में उन?होंने कहा कि जिले में कहां से अवैध शराब की आपूर्ति की जा रही है एवं कौन विक्रय करवा रहा इसका पता लगाया जाए तथा इस तरह कृत?य में लिप?त लोगों के विरूद्ध कडी कार्रवाई की जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने आगामी दिनों में लाटरी पद्धति से होने वाले शराब दुकानों के आवंटन में पूरी पारदर्शिता रखे जाने के निर्देश दिए। उन?होंने कहा कि लॉटरी से आवंटन की प्रक्रिया एवं आवेदन व?यवस?था की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाए। साथ ही पूरी प्रकिया की वीडियोग्राफी कराई जाए। उन?होंने कहा कि जिन शराब दुकानों के संचालन स?थल को लेकर शिकायत अथवा आपत्ति है उनको नियमानुसार अन?यत्र स?थान पर शिफ्ट किया जाए। नेशनल हाईवे की सौ-मीटर की परिधि में शराब दुकानें न हों इस संबंध में शासन के निर्देशों का पालन किया जाए। बैठक में आबकारी विभाग का अमला एवं ठेकेदार मौजूद थे।

मैहर: तेज रफ्तार कार पलटी, 11 महीने के बच्चे की मौत, दो महिलाएं घायल

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मैहर में खेरवासानी टोल प्लाजा के पास शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलट गई. इस हादसे में कार में सवार 11 माह के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं. घायलों को इलाज के लिए मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, हैदराबाद से प्रयागराज महाकुंभ की यात्रा पर जा रहे एक परिवार की कार, जिसमें पांच लोग सवार थे, शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे एनएच-30 पर खेरवासानी टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे पलट गई. हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को कार से बाहर निकाला, इसके बाद पुलिस को सूचित किया.हादसे में 36 वर्षीय रेणुका रानी और 27 वर्षीय अंजली गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनके हाथ और कमर में चोटें आईं.स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों का इलाज जारी है।

कुबेरेश्वर धाम सीहोर में 25 फरवरी से आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के चलते हल्के एवं भारी वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात सुगम बनाए रखने के लिए मार्गों का डायवर्सन किया गया है। शिव महापुराण कथा 03 मार्च तक चलेगी। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे। शिवमहापुराण कथा में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से सड़क मार्ग



द्वारा आवागमन होगा। इस दौरान यातायात सुगम बनाए रखने के लिए भोपाल से इंदौर और इंदौर से भोपाल आने जाने वाले वाहनो के मार्ग में 24 फरवरी को प्रातः 06 बजे से परिवर्तन किया गया है।

भारी वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तनः भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहन भोपाल से श्यामपुर, ब्यावरा होते हुये इंदौर (तूमडा दोराहा जोड़ होते हुये) जा सकेंगें। इसी प्रकार इंदौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहन देवास से ब्यावरा, श्यामपुर होते हुये भोपाल जा सकेंगे ।

हल्के वाहनों एवं यात्री बसों के लिए मार्ग परिवर्तनः भोपाल से सीधे आष्टा, देवास इंदौर जाने वाले सभी छोटे वाहन एवं यात्री बस सीहोर स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं अमलाहा होते हुए इंदौर को ओर जायेगें। इसी प्रकार इंदौर से भोपाल सीहोर आने वाले वाहन अमलाहा से भाऊखेड़ी जोड़ एवं क्रिसेंट चौराहा होते हुए सीहोर, भोपाल जा सकेंगे। केवल कुबेरेश्वर धाम जाने वाले वाहन ही सीधे हाईवे से जा सकेंगे। अन्य सभी वाहनों को डायवर्सन मार्ग से ही संचालित किया जाएगा।

इछावर विधानसभा स्तरीय बसपा की बैठक सम्पन्न

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। इछावर विधानसभा स्तरीय बैठक शनिवार, 22 फरवरी को बहुजन समाज पार्टी की स्थानीय रविदास धर्मशाला इछावर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एन.पी. सागर (जिला प्रभारी बसपा एवं विस प्रभार इछावर), विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष संजीव बौद्ध रहे। अध्यक्षता गेंदालाल सूर्यवंशी (विस अध्यक्ष बसपा इछावर) ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नंद किशोर दसलानिया उपाध्यक्ष इछावर विधानसभा उपाध्यक्ष, देकबगस बामनिया महासचिव, चैन सिंह सचिव, राजू बामनिया, हरि बामनिया, रोहित कुमार बौध, राजमल सिलोरिया, शिव चरण, देव नारायण, जय सिंह, महेश मेचंद सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विधानसा स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान किये जाने हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दिये गये। बैठक में एन.पी.सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 11 मार्च को सीहोर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन प्रदेश प्रभारी एंव प्रदेश अध्यक्ष के सानिध्य में आयोजित किया जावेगा, जिसमें सभी पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई एवं आगामी 15 मार्च को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मा.काशीराम जी की जन्म जयंती भव्य रूप से मनाये जाने हेतु कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिये गये।

ग्राम पंचायत ढोढर द्वारा मेन बाजार एवं चौराहे पर सी सी कैमरा लगवाएं जाएंगे

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

ढोढर सरपंच नारायण गोयल ने बताया कि मुख्य बाजार मे मेन चोरहे पर सी सी कैमरा शीग्र पंचायत द्वारा लगवाएं दिए जायेंगे बिदित हो की ढोढर कस्बे के बाजार मे आसपास के करीब 24-25 गांव के लोग खरीददारी के लिए आते है एवं किसान कृषि उपज मंडी मे अपनी फसल बेचने आते है और पूर्व मे व्यापारीयों की घरो से हुई है जिससे चोरी ट्रेस करने मे पुलिस प्रशासन को मुश्किल को सामना करना पड़ता है इसी उपलक्ष मे ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने व्यापारीयों की मीटिंग लेकर व्यापारियों से अपने अपने घरो व दुकानों पर सी सी कैमरा लगाए जाने की अपील की सरपंच नारायण गोयल द्वारा ग्राम की सुरक्षा के मद्देनजर मेन बाजार एवं मेन तिराहे चौराहे पर अनाज मंडी गेट पर अति शीघ्र सी सी कैमरा लगाए जायेंगे जिससे आसमाजिक तत्वों पर तीसरी आँख की नजर हमेशा बनी रहेगी सरपंच द्वारा सी सी कैमरा लगाने का निर्णय की ग्राम बासियो ने सरहाना की क्योंकि ढोढर कस्बा व्यापारिक क्षेत्र काफ़ी बिकसित है और अंतराजिय व्यापारीयों का व्यापार करने के लिए आवागमन रहता है यहाँ कि अनाज मंडी मे आसपास के एवं दूर दराज के क्षेत्र के किसान अपनी फसलों को ढोढर अनाज मंडी मे ही बेचने के लिए आते है

गांधी जी को महात्मा गांधी बनाने में कस्तूरबा जी का बहुत बड़ा योगदान था

कर्तव्य परायणता और निष्ठा की प्रतिमूर्ति थी कस्तूरबाःजयसिंह जादौन, महात्मा गांधी सेवा आश्रम में मनाई गई कस्तूरबा गांधी जी की पुण्यतिथि

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

श्योपुर कस्तूरबा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम कस्तूरबा जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि देकर शुभारंभ किया ततपश्चात

महात्मा गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन ने कहा कि कस्तूरबा गांधी जन्म 11 अप्रैल, 1869 को काठियावाड़ जिला, गुजरात में हुआ उनके पिता का नाम गोकुलदास कपाड़िया माता का नाम ब्रजकुंवरबा कपाड़िया कस्तूरबा के 4 संतान थी जिनमे हरिलाल गांधी, मणिलाल गांधी, रामदास गांधी और देवदास गांधी। उनका निधन 74 बर्ष की उम्र में 22 फरवरी, 1944 पूना मे जेल में हुआ जयसिंह भाई ने बताया कि कस्तूरबा गांधी के राजनीतिक

जीवन की शुरुआत वर्ष 1904 में दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के साथ ही हुई। भारत लौटने के उपरांत उन्होंने गांधीजी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कई राष्ट्रीय आंदोलनों में भाग लिया। वर्ष 1913 में ब्रिटिश हुकूमत का पुरजोर विरोध करने के चलते उन्हें जेल भी जाना पड़ा। इसके बाद वह स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने हेतु कई बार जेल गई और उन्हें ब्रिटिश हुकूमत द्वारा कड़ा दंड भी दिया गया।

किंतु जेल में रहते हुए भी कस्तूरबा गांधी ने अहिंसा का दामन नहीं छोड़ा। यहाँ भी उन्होंने महिलाओं को एकत्रित किया और उन्हें प्रार्थना का महत्व बताया। इसलिए लोग भी उन्हें 'बा' कहकर पुकारने लगे।

कस्तूरबा गांधी जी दृढ प्रतिज्ञ होने के साथ साथ निष्ठा और कर्तव्य परायणता की प्रतिमूर्ति थी। देश की आजादी की लड़ाई में बा ने महात्मा गांधी का पूरी शक्ति के साथ साथ दिया तथा जेल भी गई उनकी मृत्यु भी यरवदा जेल में बापू के साथ रहते हुए हुई। उन्होंने असहयोग आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन में पूरी ताकत के साथ महिला आंदोलन कारियों का नेतृत्व किया

कस्तूरबा गांधी जी की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा मे इम्पेक्ट संस्था के रामचन्द्र जी ने कस्तूरबा गांधी का जीवन परिचय दिया गांधी जी को महात्मा गांधी बनाने में कस्तूरबा का बहुत बड़ा योगदान था बे हमेशा गांधी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चली साथ ही उन्होंने प्रवंधन की सारी जिम्मेदारीया आने ऊपर ले रखी थी

इस अवसर पर कार्यक्रम में एक राधा वल्लभ जांगिड़ योगेश कुमार सौरभ शर्मा दीनदयाल नरेश बनवारी किशोरी बालकिशन संध्या अमृतलाल अजवीर आकाश ओमप्रकाश दिनेश विजयलक्ष्मी श्रीराम सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे

कार्यक्रम के अंत मे जयसिंह भाई द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना करवाई आभार प्रदर्शन बालिका शिक्षा कार्यक्रम के समन्वयक राधावल्लभ जागिड़ ने किया

आगामी 5 तारीख को लगने वाले मरीजों का विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा

नौशाद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

ढोढर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनपद सीईओ एस एस भटनागर ने आगामी पांच तारीख को लगने बाले स्वास्थ्य शिविर के बारे मे मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मुकेश मीणा से चर्चा की और कहा कि क्षेत्र मे इस स्वास्थ्य शिविर गांव गांव तक जानकारी पहुंचाई जावे जिससे हर आदमी स्वाथ्य परीक्षण कराकर स्वाथ्य लाभ ले सके आगामी 5 तारीख को लगने वाले मरीजों का विशेषज्ञो द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा डॉ मुकेश मीणा ने बताया कि अभी तक हॉस्पिटल मे डेली चेकअप मे चार पेसेंट चिन्हित कर लिए गए है आगामी पांच तारीख को स्वास्थ्य शिविर मरीजों का परीक्षण कर चिन्हित किया जावेगा बिदित हो 26 मार्च से दो अप्रेल तक देश के बरिष्ठ चिकित्सको द्वारा मरीजों शासन द्वारा निशुल्क इलाज किया जायेगा और उनके रहने व खाने की व्यबस्था भी शासन द्वारा की जाएगी शिविर मे चिकित्सको द्वारा जाँच उपरांत मुरैना स्वाथ्य केम्प मे भेजा जायेगा जहाँ निशुल्क इलाज ऑपरेशन किया जायेगा इसीके उपलक्ष मे इसके उपरांत जनपद सी ई ओ ग्राम पंचायत बगदिया धीरोली मानपुर मे भी विजिट की जनपद सी ई ओ के साथ सरपंच नारायण गोयल पी आई तोमर सचिव रामभरोष गुप्ता सहित अस्पताल के समस्त स्टॉफ भी मौजूद थे

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा में राज्य स्तरीय रोजगार मेला संपन्न

रोजगार मेले में 150 युवाओं का प्रारंभिक चयन

मारुति लाल विश्वकर्मा

छिन्दवाड़ा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन जनभागीदारी अध्यक्ष श्री भारत घई, सदस्यगण श्रीमती अमिता आशीष बरैया, सुश्री श्रद्धा जैन, श्री तरुण सोनी और प्राचार्य डॉ.वाय.के.शर्मा ने सरस्वती पूजन कर किया।

इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष श्री घई ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य और रोजगार के लिए निरंतर आयोजन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है, उन्होंने सभी युवाओं और विद्यार्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। प्राचार्य डॉ.वाय.के.शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। रोजगार मेले में 690 पंजीयन हुए, साक्षात्कार के बाद 150 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। इस प्रदेश स्तरीय आयोजन में महेंद्रा एंड महेंद्रा, फ्लिपकार्ट, एनआईआईटी फाउंडेशन छिंदवाड़ा, यूनिक पब्लिक स्कूल अमरवाड़ा, डीएमसीएफएस पुणे, उत्कर्ष फाइनेंस आदि कंपनियां शामिल रही। रोजगार मेले के आयोजन में डॉ.टीकमणी पटवारी, डॉ.सुनामिका धुर्वे, डॉ.शिवम डोले, प्रो.महेंद्र साहू, डॉ.सोनी भावरकर, श्री अनुज दुबे, जनभागीदारी समिति के सदस्य श्री तरुण सोनी के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के विशाल सलामे सहित विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

टाइगर-चीता स्टेट मध्यप्रदेश में गिद्धों की संख्या 12000 पार

प्रदेश में 7 प्रजाति, वन विहार में सफेद पीठ वाले गिद्ध; 10 साल में दोगुनी हो गई संख्या

भोपाल। टाइगर, चीता और तेंदुआ स्टेट मध्यप्रदेश में गिद्धों की संख्या 12 हजार से ज्यादा हो गई है। 3 दिन हुई गिनती में ये आंकड़े सामने आए हैं। प्रदेश में 10 साल के अंदर गिद्धों की संख्या दोगुनी हुई है। अभी कुल 7 प्रजातियां पाई गई। इनमें भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में सफेद पीठ वाले गिद्ध भी शामिल हैं। बता दें कि 17, 18 और 19 फरवरी को वन विभाग के 16 सर्कल , 64 डिवीजन और 9 संरक्षित क्षेत्रों में गिद्धों की गिनती की गई थी। जिसके आंकड़े अब सामने आए हैं। इसके मुताबिक, प्रदेश में अभी 12 हजार 981 गिद्ध हैं। गिद्धों की गणना में घोंसलों के आसपास बैठे गिद्धों एवं उनके नवजातों की गिनती के दौरान कई बातों का ध्यान रखा गया। केवल आवास स्थलों पर बैठे हुए गिद्धों को ही गिना गया। डेटा संकलन का कार्य वन विहार में हुआ। प्रदेश में गिद्धों की गणना की शुरुआत

वर्ष 2016 से की गई थी। प्रदेश में गिद्धों की कुल 7 प्रजातियां पाई जाती है। इसमें से 4 प्रजातियां स्थानीय एवं 3 प्रजाति प्रवासी हैं। गिद्धों की गणना करने के लिए शीत ऋतु का अंतिम समय सही रहता है। इस दौरान स्थानीय एवं प्रवासी गिद्धों की गणना आसानी से हो जाती है। वर्ष 2019 की गणना में गिद्धों की संख्या 8 हजार 397, वर्ष 2021 में 9 हजार 446 और वर्ष 2024 में बढ़कर 10 हजार 845 हो गई थी। अबकी बार गिद्धों की गिनती साल में दो बार होगी। शीतकालीन गिद्ध गणना 17, 18 और 19 फरवरी को हो चुकी है, जबकि ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 29 अप्रैल को की जाएगी। पहले चरण में गिद्धों की गिनती सुबह 7 से 8 बजे तक हुई। ऐसे स्थान, जहां पर ऊंची क्लिप्स (चट्टान) है, उन स्थानों पर अधिकतम 9 बजे तक गिनती की गई। केवल बैठे हुए गिद्धों की ही गिनती की गई है।

भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में करीब दो साल पहले हरियाणा से सफेद पीठ वाले 20 गिद्ध लाए गए थे। 1100 किलोमीटर की यात्रा करके यह भोपाल पहुंचे थे। वर्तमान में यह गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र की एवरी में है। 20 व्हाइट रम वल्चर (सफेद पीठ वाले गिद्ध) में 5 नर और 5 मादा, 10 सब एडल्ट गिद्ध थे। गिद्ध साल में एक ही बार अंडे देते हैं। साइज में यह मुर्गी के अंडे से तीन गुना बड़े होते हैं। मई-जून से अक्टूबर के दौरान मैटिंग सीजन और अंडे देने का समय होता है। अंडे से बच्चे जीवित निकलने का सक्सेस रेट 50त्न माना जाता है। यही वजह है कि आधे अंडे विकसित नहीं होते हैं। अंडे से 55 दिन में बच्चा निकलता है।

एडीपीओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे सीएम

जस्टिस माहेश्वरी ने उठाया पब्लिक प्रोसिक्यूटर की कमी का मुद्दा

भोपाल। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति जेके माहेश्वरी ने कहा है कि न्याय एक दर्शन है, एक संकल्प है जो केवल कानून की किताबों में नहीं हमारी आत्मा में बसना चाहिए। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सरकार और ज्युडिशियरी के साहस से इस समय न्यायपूर्ण फैसले लेने और उसे लागू करने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि यहां प्रशिक्षण लेने के लिए आए नव नियुक्त अधिकारी न्याय के लिए ट्रेनिंग का उपयोग किस तरह से करेंगे जिससे मुख्यमंत्री और चीफ जस्टिस यशस्वी हों। विक्रमादित्य का नाम न्याय प्रशासन के लिए प्रसिद्ध है और हमें न्याय के लिए काम करना होगा। भोपाल में आयोजित नवनियुक्त सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में जस्टिस माहेश्वरी ने ये बातें कहीं। जस्टिस माहेश्वरी ने सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि सिंगरौली में 6978 केस पर एक पब्लिक प्रोसिक्यूटर है। रीवा में 5186 और राजगढ़ में भी यही स्थिति है। यहां भी एक पब्लिक प्रोसिक्यूटर है। यह मिस्टेक आफ फैक्ट्स है। जिसे ठीक करना एसीएस जेएन कंसोटिया और सरकार

की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोक अभियोजन अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह धर्म की रक्षा के लिए काम करे और जरूरतमंद को न्याय दिलाए। धर्मो रक्षति रक्षतः की नीति पर काम करके न्याय दिला सकते हैं। आपसी तालमेल और लीगल इश्यू में कहीं न कहीं कमी है। जस्टिस माहेश्वरी ने आगर मालवा में जजों और लोक अभियोजन अधिकारियों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि लीगल नालेज और प्रेक्टिकल स्किल भी लोक अभियोजना अधिकारियों में होना चाहिए।

2011 में कम्प्यूटर मिल गए थे। ई कोर्ट की बात होती है, लैपटॉप सबके पास है। ई कोर्ट्स के लिए कितना उपयुक्त करना है, यह फैसला एसीएस होम, सरकार को करना है। एडवोकेट्स और पब्लिक प्रोसिक्यूटर्स के बैठने के लिए भी जगह की कमी उन्होंने यहां रहने के दौरान देखी है। चीफ जस्टिस और चीफ मिनिस्टर को उस तरफ ध्यान देना होगा। इनके लिए लाइब्रेरी भी होना चाहिए। इस कार्यक्रम में चीफ जस्टिस सुरेश कैत, हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक अग्रवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार और ज्युडिशियरी का तालमेल पीएम नरेंद्र मोदी के शासन में साफ दिखाई दे रहा है। राम मंदिर के फैसले को लागू करने का मामला हो या कोर्ट के कोई अन्य फैसले लागू कराने का काम हो, सरकार न्यायालय के आदेश पर अमल करती रही है। मोदी शासन के पहले ऐसी स्थिति कई बार नहीं बनती थी। सीएम ने फिल्म शोले का उदाहरण देते हुए कहा कि शोले पिक्चर में शोले कहां है? यह समझने की बात है।

कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, 200 मीटर तक घसीटा, भाई बहन समेत 7 लोग घायल

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
वीरू गौतम

पीलीभीत घुंघचाई थाना क्षेत्र के लुकताई मैं एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी हादसे में ई रिक्शा चालक आकाश और उसकी बहन गोपी समेत 7 लोग घायल हो गए

केशवपुर गांव निवासी आकाश ई रिक्शा चलाता है उसकी बहन गोपी पूरनपुर में प्राइवेट नौकरी करती है दोनों गांव से पूरनपुर की ओर जा रहे थे इस दौरान एक तेज रफ्तार कार ई रिक्शा को टक्कर मार दी कार चालक मौके से भागने की कोशिश करने लगा टक्कर मारने के बाद उसने कार को नहीं रोका और टक्कर मारने के बाद लगभग 200 मीटर तक की ई रिक्शा घसीटता रहा हादसे में आकाश और गोपी गंभीर रूप से घायल हो गए

घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर भिजवाया थाना अध्यक्ष घुंघचाई दीपक कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है

क्षेत्र में अराजकता न होगी बर्दाश्त, आदतन अपराधियों पर कसेंगे नकेल- अजीत

जालौन/उरई। कोतवाली क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदतन अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह बात नवागंतुक कोतवाल अजीत सिंह ने कोतवाली में कार्यभार ग्रहण कर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। एसपी ने कोतवाल वीरेंद्र पटेल को स्थानांतरित कर पुलिस लाइन भेजा है। जबकि उनके स्थान पर अजीत सिंह को जालौन कोतवाल बनाकर भेजा गया है। कोतवाली में कार्यभार ग्रहण कर पत्रकारों से वार्ता करते हुए नवारगंतुक कोतवाल अजीत सिंह ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। महिलाओं के प्रति अपराधों को गंभीरता से लेकर उनका तत्काल निराकरण कराया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अराजकता फैलाने वाले और शांतिभंग का प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही आदतन अपराधियों के खिलाफ भी कडी कार्रवाई की जाएगी।

तरांया गांव में आरसीसी निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश,घटिया सामग्री लगाने का आरोप, मगर कमीशन बाजी चलते कार्यवाही नहीं

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से
राधेश्याम गुप्ता

बांदा = जनपद के कमासिन ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तरांया में बनाई गई आरसीसी को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। गांव में पप्पू की दुकान से जागेश्वर के घर तक आरसीसी का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरसीसी निर्माण में मनमाने तरीके से 10 एक 12 एक के घटिया सामग्री के मसाले से निर्माण किया गया है। जो अभी भरभराकर टूट रही है। जिससे यह आरसीसी ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगी और बहुत जल्द खराब हो सकती है। जिसमें सिर्फ सरकारी पैसे की बर्बादी होगी। जहाँ आरसीसी निर्माण किया गया है उसके अगल बगल लोगों के घर बने होने व सामने सडक ऊंची होने से वारिस का पानी नहीं निकलेगा। निर्माण के समय घरों के जल निकासी की ब्यवस्था का ध्यान नही रखे जाने से समस्या उत्पन्न होगी । जिससे बरसात के समय वारिस का पानी लोगों के घरों में घुसेगा जिससे घर गिरने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जिसके लिए कहा भी गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं खडे गांव के एक ब्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की इधर-उधर के किनारे पर दिखावा के लिए तो कुछ मोटी आरसीसी डाली गई है बीच में तो बिलकुल पतली डाली गई है।

नहाने जा रहे युवक को घेर कर दबंगों ने मारी गोली

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के नया गांव थाना क्षेत्र के नगला झम्मन में घर के बाहर हैंड पंप पर नहाने जा रहे युवक को गांव के ही दबंगों को मारी गोली ।गोली लगने से 40 वर्षीय युवक हुआ घायल।गंभीर अवस्था में परिजन घायल को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों में घायल युवक को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार घायल नरेंद्र घर के बाहर लगे नल पर नहाने जा रहा था तभी गांव के ही क्षत्रपाल ,और नेत्रपाल ने पौनिया से गोली मार दी।गोली लगने से बाद युवक छटपटा कर गिर पड़ा।परिजन घायल अवस्था में लेकर अलीगंज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां हालात गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

गोली लगने से घायल हुए युवक नरेंद्र पुत्र भगवान सिंह निवासी नगला झम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने घर के बाहर लगे नल पर नहाने जा रहा था तभी दोनों आरोपियों ने फायर कर दिया गोली लग गई है।कोई पुराना विवाद भी नहीं है हल्का फुल्का विवाद था आरोपियों ने पूर्व में हमारे छोटे भाई की बुलेट बाइक छीन ली थी। सूचना मिलते ही नया गांव थाना पुलिस को मिली तत्काल भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना स्थल का निरीक्षण किया पुलिस आरोपियों की तलाश में जगह जगह दबिश दे रही है। मामले पर थाना प्रभारी रीतेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची है।घायल को बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने रेफर किया है।आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रंजिशन दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों पक्ष पहुंचे कोतवाली

जालौन/उरई। रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो गई। मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। , कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी एक पक्ष के समीर खां व दूसरे पक्ष के आरिफ व साबिर के बीच किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों बीच आए दिन विवाद होता रहता है। शनिवार की सुबह दोनों पक्षों के बीच वाद विवाद होने लगा। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से इलाज के दौरान युवक की मौत

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत-बरखेड़ा। हाइवे पर शनिवार की बीती रात को अज्ञात वाहन से टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत गांव पतरसिया के सामने सड़क पर बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौद दिया आनन फानन मे थाना पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया वही भद्रसेन उम्र वर्ष पुत्र मेवाराम एवं उसका चचेरा भाई अंकित गंगवार पुत्र डालचंद निवासी ग्राम लोंगहा थाना बीसलपुर अपनी मोटरसाइकिल से उत्तराखंड के सितारगंज से बापस अपने गाँव जा रहे थे। जैसे ही उनकी वाइक पतरसिया गांव के पास पहुंची बीसलपुर की तरफ से आ रहेअज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें सूचना पर एम्बुलेंस से इलाज के लिये सीएचसी बरखेड़ा लाया गया जहाँ चिकित्सक ने गम्भीर हालत देखते हुये जिला अस्पताल रेफर कर दिया हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल से हायर सेंटर बरेली रेफर कर दिया। वही बरेली ले जाते समय रास्ते मे युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार के लोग मे कोहराम मच गया परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल है।

छात्रा की आकस्मिक मौत की जांच की मांग

मधेपुरा मुरलीगंज के अंबेडकर आवासीय विद्यालय में बीते तीन फरवरी को हुई एक छात्रा की मौत मामले में शनिवार को विद्यालय की जांच करने बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ अमरदीप पहुंचे। करीब चार घंटे तक विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल की गई। साथ ही विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं से घटना की विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान मुरलीगंज थानाध्यक्ष अजीत कुमार एवं सीएचसी मुरलीगंज के डॉ राजेश कुमार विद्यालय के अंदर कई बार आते जाते दिखे। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए डॉ अमरदीप ने कहा कि आयोग ने सभी पहलुओं की जांच की है। सभी लोगों से पूछताछ की है। जिला प्रशासन के तरफ से भी एसआईटी का गठन किया गया है। हमलोग पूरे मुस्तैदी के साथ घटना की जांच कर रहे हैं। पीड़िता को न्याय मिलेगा ये मैं पूरे भरोसे के साथ कह रहा हूं।

मालूम हो कि बीते तीन फरवरी को प्रखंड कार्यालय समीप स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय की छात्रा सपना कुमारी की मौत हो गई थी। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन के द्वारा तबियत बिगड़ने के बाद मौत की बात कही गई थी। वहीं मामले के बाद मृत छात्रा सपना कुमारी की माता विमला देवी ने षडयंत्र के तहत उनकी पुत्री का हत्या करने का मामला मुरलीगंज थाना में दर्ज करवाया गया था। घटना के बाद से हीं लगातार जांच जारी है। इधर शुक्रवार को लोजपा रामविलास के कार्यकर्ताओं द्वारा भी प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना देते हुए घटना के उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी।

खाटू श्याम मंदिर दर्शन कर लौट रहे शिक्षक को दबंगों ने बुरी तरह पीटा प्राथमिकी दर्ज

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

जनपद एटा के जलेसर में ब्राह्मण समाज के महर्षि परशुराम मंत्र एवं खाटू श्याम मंदिर से पूजा अर्चना कर वापस लौट रहे शिक्षक को आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने लाठी डंडा सदियों से पीट-पीट कर किया गंभीर रूप से घायल शिक्षक ने तीन नाम जदो वह तीन चार अज्ञात के विरुद्ध जान से मारने की नीयत से हमला करने संबंधी प्राथमिकी दर्ज कराई घटनाक्रम के अनुसार शिक्षक हरी बाबू शर्मा जो के ग्राम महानमई के मूल निवासी हैं और मौजूदा समय में बालिका इंटर कॉलेज के निकट कॉलोनी में निवास कर रहे हैं वह निकट में ही बने महर्षि परशुराम एवं खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना कर वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान महावीर गंज निवासी सत्यम व शिवा पुत्र लोकेंद्र पाठक , विशेष उर्फ टोनी पाठक के साथ तीन-चार अज्ञात दबंगो के द्वारा लाठी डंडों लोहे की रोड आदि से पीटा शिक्षक की चीख पुकार सुनकर मंदिर में मौजूद प्रवीण पचौरी सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षक आए और बमुश्किल बचाया शिक्षक ने सत्यम शिवम विशेष एवं तीन चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की कोतवाली में दर्ज कराई गंभीर घायल शिक्षक को प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला मुख्यालय भेजा गंभीर अवस्था को दृष्टिगत चिकित्सकों ने अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजा है।

सहारनपुर के विकासखंड बलियाखेड़ी बेसिक शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशन मे प्रमाण पत्र किए

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती

सहारनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल के दिशा निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा श्रीमती श्रेया पटवा के नेतृत्व में जनपद के ब्लॉक संसाधन केंद्र बलियाखेड़ी में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इकिटी के अंतर्गत सेल्फ एस्टीम ,मीना मंच ,जीवन कौशल पावर एंजल सशक्तिकरण ,व नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय की मीना सुगमकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य संदर्भदाता रितु सिंघल व इंदिरा भल्ला ने प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिकु सीरीज, अरमान मॉडयूल सेल्फ डिफेंस आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक और यूनिसेफ की तरफ से आई संदर्भदाता शादाब जी ने मीना मंच का गठन, आत्मरक्षा क्लब उपयोगी हेल्पलाइन नंबर एवं सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा की। स्टेट से आए यूनिसेफ से अंकित कुमार जैन ने प्रशिक्षण का फीडबैक लिया। प्रशिक्षण में सभी को प्रमाण पत्र श्रीमती श्रेया पटवा व श्री संजय द्रिवेदी दवारा वितरित किए गए और मॉनिटरिंग सीमेट द्वारे की गईद्य

शहर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग होगा पूरी तरह बंद

श्री गंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर शहर में सिंगर यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद की टीम छापेमारी करेगी। श्रीगंगानगर शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद होगा। इसके लिए नगर परिषद के अधिकारी छापेमारी कर कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में शनिवार को नगर परिषद सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्य आयुक्त मंगतराय सेतिया द्वारा अवगत करवाया गया कि इस बैठक का उद्देश्य शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करवाना है। यह कार्य व्यापार मंडल, फल सब्जी मंडी और आमजन के सहयोग से समपन्न हो सकेगा।

कार्य आयुक्त द्वारा नगर पालिकाओं के समस्त ईओ को अपने निकाय क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध किए जाने बाबत समय समय पर कार्रवाई की जाकर प्लास्टिक जब्त किए जाने की कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। बैठक में नगर पालिकाओं के समस्त ईओ ने अपने-अपने सुझाव व विचार रखे तथा बताया कि प्लास्टिक से विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है व आमजन के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन किया जाना अति आवश्यक है। इस कार्य में सहयोग हेतु व्यापार मण्डल, फल सब्जी मंडी और आमजन से अपील की गई। इसके उपरांत अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल तरसेम गुप्ता, अध्यक्ष फल सब्जी कृष्ण वधवा, सदस्य रमेश कुमार, सदस्य शम्मी वधवा, अध्यक्ष पैकिंग मेटिरियल डिस्पोजल क्रॉकरी वेदप्रकाश मिड्ढा, उपाध्यक्ष अजय नागपाल ने उक्त कार्य में प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया। विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से बैठक का समापन किया गया। बैठक में नगर परिषद, श्रीगंगानगर कार्य आयुक्त मंगतराय सेतिया, स्वास्थ्य अधिकारी देवेन्द्र प्रताप, ईओ नपा अनूपगढ़ और गजसिंहपुर लाजपत बिश्नोई, ईओ नपा श्रीविजयनगर मिल्खराज चुघ, ईओ नपा सूरतगढ़ पूजा शर्मा, ईओ नपा केसरी सिंहपुर विश्वास गोदारा, ईओ नपा लालगढ़ जाटान मुकुल चौधरी और पालिकाओं से अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि, अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल तरसेम गुप्ता, अध्यक्ष फल सब्जी कृष्ण वधवा, सदस्य रमेश कुमार, सदस्य शम्मी वधवा, अध्यक्ष पैकिंग मेटिरियल डिस्पोजल क्रॉकरी वेदप्रकाश मिड्ढा, उपाध्यक्ष अजय नागपाल और समस्त सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री मंजू बाघमार ने की रेल मंत्री से मुलाकात

नागौर। राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर बड़ीखाटू रेलवे स्टेशन पर दिल्ली सराय रोहिल्ला, जोधपुर, कामाख्या और भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का आग्रह किया है। जिले के जायल विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र रेलवे स्टेशन बड़ी खाटू पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर क्षेत्रीय विधायक और राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने बड़ी खाटू स्टेशन पर दिल्ली सराय रोहिल्ला, जोधपुर एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस और भगत की कोठी एक्सप्रेस के ठहराव का अनुरोध किया। डॉ. बाघमार ने रेलमंत्री को अवगत कराया कि बड़ी खाटू स्टेशन पर 60 वर्षों से एक्सप्रेस और साधारण ट्रेनों का ठहराव हो रहा था, लेकिन कोरोना काल में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी खाटू जायल, डेगाना, मकराना और डीडवाना तहसील का संगम स्थल है, जहां से बड़ी संख्या में लोग व्यापार और अन्य कार्यों के लिए यात्रा करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी खाटू में दीपेश्वर आश्रम और बाबा समन दीवान की दरगाह होने के कारण दूर-दराज से श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। इसके अलावा बड़ी खाटू का सेंड स्टोन विदेशों तक निर्यात होता है, जिससे व्यापार के लिए भी आवागमन बना रहता है।

छोटी काशी में बोले सीएम योगी : महाकुंभ ने उन विरोधियों को दिखाया आईना, जो अच्छे कामों में बनते हैं बाधा



लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में शनिवार को शिव मंदिर कॉरिडोर की नींव रखी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पौराणिक शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना की। आधारशिला रखने के बाद सीएम योगी ने पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि से पूर्व गोला गोकर्णनाथ बाबा का दर्शन करने का सौभाग्य मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की क्षमता देखनी हो तो प्रयागराज महाकुंभ ही पर्याप्त है। अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में आकर आस्था की डुबकी लगाई है। क्या 60 करोड़ लोग एक निश्चित समयसीमा के अंदर किसी एक स्थल पर एकत्र हो पाएंगे। अन्यत्र यह संभव नहीं है, ये केवल प्रयागराज और उत्तर प्रदेश में ही हो सकता है। प्रयागराज में महाकुंभ भव्य और दिव्य तरीके से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता है, वे लगातार नकारात्मक टिप्पणी करके बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। अच्छे कामों में प्रश्न खड़ा करते हैं, बाधा बनते हैं। उन्होंने कहा कि देश और सनातन के अनुयायियों ने विरोधियों को आईना दिखाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा जिला लखीमपुर खीरी दुधवा नेशनल पार्क के साथ अब शिव मंदिर कॉरिडोर, बायो प्लास्टिक प्लांट, मेडिकल कॉलेज के लिए भी जाना जाएगा। देश जब आजाद हुआ था तो लखीमपुर खीरी बहुत

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

बिसवा बार एसोसिएशन एवम बिसवा लायर्स एसोसिएशन ने महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

बिसवां (सीतापुर)। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एवम बिसवा लायर्स एसोशिसीयेशन के संयुक्त तत्त्वधान में केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट में मनमाने तौर पर संशोधन कर वकीलों के अधिकारों पर अंकुश लगाने के विरोध में देश के महमहिम राष्ट्रपति एवम विधि मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार को दिया। बिसवा लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई,सचिव सत्य प्रकाश सिंह शीलू, बिसवा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र नाथ सिंह,सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में तहसील परिसर में स्थित शहीद स्थल पार्क में समस्त एडवोकेट एकत्र हुए।वही से सभी एडवोकेट ने एकता के साथ उपजिलाधिकारी बिसवा को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार द्वारा लाये गए संशोधन को वापस लेने की मांग करते हुए अधिवक्ताओं ने न्यायालय में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।इस अवसर पर दोनों बार संगठनों के सभी पदाधिकारी तथा अधिवक्ता बड़ी

संख्या में मौजूद रहे।ज्ञापन देने के पूर्व लायर्स एशोसिएशन के सचिव एस. पी. सिंह तथा बिसवां बार एसोसिएशन के सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रोटेक्शन एक्ट में लाये जा गए संशोधन की जानकारी अधिवक्ताओं को दी।इस अवसर पर अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी के चेयरमैन बृजेश नारायण गुप्ता,लाल जी वर्मा,रसिक बिहारी गुप्ता,सुरेश मौर्य,दिनेश श्रीवास्तव,अशोक वर्मा,राज किशोर यादव, इंतखाब आलम , सूर्य प्रसाद यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,आनंद मेहरोत्रा, इंद्र पाल वर्मा,अनमोल कन्हैया, शिशुपाल यादव अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,अश्विनी कुमार त्रिपाठी,जितेंद्र मिश्राजीतू,गौरव सिंह,प्रमोद श्रीवास्तव,के के वैश्य,प्रमोद यादव,अभय अवस्थी,मनोज गुप्ता,रेनु राजपूत,बरखा सिंह,राधेलाल वर्मा,राज किशोर मिश्रा,आलोक श्रीवास्तव,रजनीश मिश्रा,मन्नालाल बाजपेई, अश्विनी श्रीवास्तव,वीरेंद्र कुमार शुक्ला,ललित शर्मा, मनमोहन भार्गव,इकबाल अहमद,विपिन बिहारी यादव,हरिओम यादव,राम किशोर वर्मा,राहुल कुमार अरुन श्रीवास्तव,मो सालिम,कमल मनोरम वर्मा,विनोद वर्मा, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

जान से मारने की नियत से फायर करने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

जालौन/उरई। गांव में नया मकान बनाने से नाराज गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण के साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी श्याम सिंह उर्फ मझले ने पुलिस को बताया था कि उसने गांव में ही अपना नया मकान बनवाया है। मकान बनाने से गांव के ही मनोज कुमार उससे रंजिश मान बैठे और अक्सर उसके साथ विवाद करने लगे। इतना ही नहीं मकान गलत जगह बनाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ झूठी शिकायतें भी दीं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की दोपहर घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी मनोज जीतू सिंह, व गुड्डू के साथ उसके घर आ धमके और गाली, गलौज करने लगे। जब उसने मना किया तो लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान मनोज ने उसे जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचा से फायर कर दिया। किसी तरह उसने झुककर अपनी जान बचाई।

संक्षिप्त समाचार

दर्जनों गोवंश पकड़कर गौशाला भेजे गये

सिधौली -सीतापुर । स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे में शनिवार को नगर पंचायत कर्मियों ने अभियान चला कर दर्जनों छुट्टा गोवंशों को पकड़ कर गोशाला भिजवाया । कस्बे में शनिवार को नगर पंचायत द्वारा सड़क पर घूमने वाले छुट्टा आवारा गोवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया गया नगर पंचायत कर्मियों की टीम ने सिधौली कस्बा के मिश्रीख मार्ग तहसील मार्ग नेशनल हाईवे, विसवां चैराहा, महमूदाबाद चैराहा आदि मार्गों पर घूम रहे छोटा जानवरों को पकड़ा अभियान प्रभारी दीपक शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया की अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रेणुका यादव के निर्देश पर यह अभियान कस्बे में चलाया जा रहा है आवारा छुटटा जानवरों से आम जनमानस को परेशानियां होती हैं।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ रूद्रमहायज्ञ

सिधौली -सीतापुर । स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव सरांय स्थित छत्रपाल बाबा धाम देव स्थान पर अष्ट दशम् श्री रुद्रमहायज्ञ एवं भक्ति ज्ञान सम्मेलन का पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी शनिवार को गाजे-बाजे के साथ शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। सरांय गांव स्थितष्क्षत्रपाल बाबा धामष् में अष्टादशम् श्री रुद्रमहायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया जिसमें सैंकड़ो की संख्या में सौभाग्यवती महिलाओं ने सर पर कलश रखकर गाजे बाजे के साथ कई किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर रामघाट ठिठूरा में उत्तर वाहिनी बहने वाली सरायन नदी से जलभरा । यज्ञाचार्य ओमप्रकाश तिवारी ,पारस्वरूप ब्रम्हचारी ष्पाणे बाबाश् ने यजमान सुशील मिश्र एवं आशा मिश्रा सहित सभी को पूजन कराया। भक्ति भाव के साथ भक्तों ने वापस छत्रपाल बाबा धाम पहुंचकर यज्ञशाला में कलश को स्थापित किया।

हर्ष फायरिंग के दौरान युवक की लगी गोली

कमलापुर (सीतापुर)। मकमलापुर थाने के भगवानपुर गांव में द्वारचार के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक युवक को गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। इलाज के लिए उसे लखनऊ रेफर किया गया है। दुर्घटना की सूना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कदी है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार भगवानपुर गांव के मजरा बहरीमऊ निवासी तेज बहादुर की पुत्री की शादी थी। पिसावां थाना क्षेत्र के ढकिया गांव से बरात आई थी। द्वारचार के समय हर्ष फायरिंग होने लगी। इस बीच बराती पक्ष के मुनेंद्र (25) के हाथ में गोली लग गई।परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया।

डीजे बजाने के विवाद में दूल्हे का कत्ल

सीतापुर। जनपद के तम्बौर थाना क्षेत्र में चांदीभानपुर निवासी दूल्हे के छोटे भाई आशीष को लखीमुपर में हुए वैवाहिक समारोह में देर रात गोली मार दी गई। परिजन उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार लखीमपुर शहर स्थित हरिकरन मैरिज लॉन में बीती रात तंबौर के चांदीभानपुर निवासी कृष्णकांत वर्मा के बेटे जितेंद्र वर्मा की बरात गई थी। लड़की पक्ष हीरा सिंह भी सीतापुर के बिसवां खुर्द गांव के रहने वाले हैं।देर रात डीजे बजाने को लेकर दूल्हे जितेंद्र वर्मा के छोटे भाई आशीष (24) से दुल्हन साधना के कुछ रिश्तेदारों का विवाद होने लगा। किसी तरह लोगों ने मामला शांत कराया। बताते हैं कि इसके बाद दूल्हे का भाई आशीष फलदान का सामान लेने के लिए मैरिज हाल के बाहर खड़ी गाड़ी के पास गया तभी उसे गोली मार दी गई। गोली लगने से आशीष खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर पड़ा।

बार ने किया एडवोकेट अमेण्टमेण्ट बिल का विरोध

सीतापुर। अधिवक्ता अधिनियम 1961 मे विधि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित किये गये संशोधनो के सम्बन्ध मे लाये गये (एडवोकेट अमेन्टमेण्ट बिल 2025) के विरोध में बार एसोसिएशन सीतापुर की आम सभा मे लिये गये निर्णय के क्रम में दिन शुक्रवार को एसोसिएषन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी व दिनेष कुमार त्रिपाठी महासचिव की अनुवाई मे अधिवक्तागण ने कलेक्ट्रेट पहुचकर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व कानून मंत्री को सम्बोधित मॉगपत्र जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को सौपकर अधिवक्ता अधिनियम मे प्रस्तावित संषोधनो

को वापस लिये जाने की मॉग रखी तथा मॉगपत्र को सम्बन्धि को प्रेषित किये जाने का अनुरोध भी किया। एसोसिएषन की ओर से सौपे गये मॉगपत्र में बहुप्रतिष्ठित एडवोकेट प्रोटेक्षन एक्ट एवं युवा अधिवक्ताओं को सात वर्षो तक 15,000ध्-रू0 मासिक स्टाइकेन्ट एवं 62 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओ के लिये मासिल पेंषन 10,000-रू0 स्वीकृत किये जाने एवं अधीनस्थ न्यायालय कक्षो मे सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाये जाने एवं स्टेट बार काउसिंल व बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के मौजूदा स्वरूप को बनाये रखते हुये उनकी स्वायत्तता व स्वतन्त्रता को बरकरार रखने की मॉग की गयी है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द मसलदान, एस0के0 खुराना, पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्र, हरीश त्रिपाठी, चन्द्रभाल, गुप्त, विमल मोहन मिश्र, आषुतोष बाजपेयी, जितेन्द्र शुक्ला, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ बड़कऊ, सुरेन्द्र कुमार शुक्ल, अम्बरीश शुक्ला, बुद्वि प्रकाश मिश्रा, प्रेम रतन कटियार, प्रेम नरायण शुक्ल, शैलेन्द्र प्रकाश मिश्र, सुधीर शर्मा, पुरूषोत्तम अवस्थी, मुन्ना लाल, विमलेश बाजपेयी, गिरीष चन्द्र मिश्रा, गिरीश पाण्डेय, अरूण मिश्र, श्रीमती सपना त्रिपाठी, नेहा कुलसुम, नीलम गोड़ सहित कई सैकडा अधिवक्तागण मौजूद रहें।

600 बच्चों किया गया स्वास्थ परीक्षण, दी गई दवाएं

सीतापुर। नेपालापुर स्थित मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में अनेकता में एकता मंच की ओर से राइट्स संस्था के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया इस दौरान बच्चों की आंखों का भी परीक्षण कर आवश्यक दवाएं और उपकरण भी बांटे गए।विद्यालय में कैंप का आयोजन सुबह करीब 9 बजे शुरू हुआ जो दो बजे तक अनवरत चलता था। इस दौरान मौजूद चिकित्सीय टीम ने केजी से कक्षा 8 तक के 550 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, ब्लड प्रेशर, तापमान, आंखों का परीक्षण समेत अन्य जांचे करते हुए रोगियों को दवाएं, चश्मे आदि मुहैया कराए गए।शाम तक करीब 6 सैकड़ा बच्चों की जांचे और आवश्यक रोग निदान के कदम उठाए गए। इस दौरान अनेकता में एकता मंच की उपाध्यक्ष

डॉ. आरती श्रीवास्तव, जीशान, स्वरित सक्सेना, ओम श्रीवास्तव मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. गोदावरी मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। आयोजन में विद्यालय प्रबंधक कुणाल आनंद समस्त विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं एवं गणमान्य मौजूद रहे।

मानपुर थाने पर समाधान दिवस पर डीएम व कप्तान ने पीड़ितो की समस्याओं का किया समाधान

सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने थाना मानपुर में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस रजिस्टर के साथ अन्य सम्बंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी विवरण रजिस्टर में अंकित

किया जाये, वह स्पष्ट होना चाहिये तथा जिस टीम द्वारा मौके का मुआयना किया गया है, उस टीम का विवरण तथा निस्तारण का पूर्ण विवरण रजिस्टर में अंकित होना चाहिये। शिकायतकर्ता द्वारा मकान में कब्जा न देने के कारण जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों को बुलाकर मौके पर ही शिकायत का निस्तारण किया।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने आगामी शिवरात्री के दृष्टिगत समय से संबंधित को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों भ्रमण कर लें, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

पासर गिरोह के सरगना सहित 10 शातिर अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर। क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 50ध्2025 धारा 109(1), 351(2) बी0एन0एस0 में 'वांछितध्प्रकाश में आये पासर गिरोह के सरगना समेत कुल 10 अभियुक्तों'को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार . मो0 कलीम पुत्र इशहाक नि0 ग्राम सिकन्द्रा थाना तालगांव सीतापुर (गिरोह का सरगना) . रहमत अली पुत्र तसव्वुर हुसैन नि.मोहल्ला कस्बा बाड़ी(बड़गदहा) थाना सिधौली सीतापुर अफसर अली पुत्र शफाकत अली नि.प्रेमनगर दक्षिणी थाना सिधौली सीतापुर इरफान पुत्र अयाज खान नि.प्रेमनगर दक्षिणी थाना सिधौली सीतापुर 5. मो0 आसिफ पुत्र मो.हासिम नि.मो. सिद्धेश्वर नगर कस्बा थाना सिधौली जनपद सीतापुर मो0 शादाब पुत्र पप्पू

बीबीपुर थाना सिधौली जनपद सीतापुर हैदर अली (शहंशाह) उर्फ गोलू पुत्र नवी अहमद नि. मोहल्ला बाड़ी, अड़ाइया थाना सिधौली जनपद सीतापुर मो. शहनवाज पुत्र मो. रिजवान नि. नई बस्ती कस्बा व थाना लहरपुर सीतापुर मोहन गुप्ता पुत्र नरेश गुप्ता नि. कमलापुर थाना रूरा जनपद कानपुर अमन पुत्र सन्तलाल यादव नि.सत्यम नगर थाना रामकोट सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दिनांक 21.02.25 को थाना कोतवाली नगर पर वादी रूप सिंह जो कि होमगार्ड एवम् खनन अधिकारी के हमराही है, के द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 20.02.25 को गश्त के दौरान एक सेंट्रो कार से कुछ लोगो द्वारा टक्कर मारने का प्रयास कर जान से मारने की कोशिश की एवम् अवैध खननध्खनन ट्रांसपोर्टेशन में बाधा बनने का आरोप लगाते हुए खनन अधिकारी के साथ अभद्रता की गयी। प्रकरण में मु.अ.सं. 50/25 उपरोक्त पंजीकृत कर गठित टीमों द्वारा प्राप्त साक्ष्यों तथ्यों के आधार पर उपरोक्त नामजद 04 अभियुक्तों सहित कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 'अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि जनपद सीतापुर में अवैध खनन ओवरलोडिड वाहनों के सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन हेतु हम लोगो ने अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाये हुए हैं, जिसमें जिला खनन अधिकारी, आर0टी0ओ0 व पुलिस की गश्तध्चेकिंग सम्बन्धी लोकेशन ग्रुप में आवश्यकतानुसार समय समय पर निरंतर साझा की जाती है, जिससे मौरंगध्गिट्टीध्बालू सम्बन्धी वाहनों को जिला खनन अधिकारी, आर0टी0ओ0 व पुलिस की चेकिंग से बचाकर पास कराने का कार्य किया जाता है। इन अधिकारियों के नाम के लिये एक निर्धारित पास कोड का प्रयोग किया जाता है जिसमें ट्रांसपोर्टर्स भी जुड़े हुए हैं, जिससे ओवरलोडिड वाहनो से अधिक लाभ कमाया जाता है। जो लाभ प्राप्त होता है उसे हम व ट्रांसपोर्टर्स आपस में साझा कर लेते है।

हादसे में नै नेपाली कुम्भ यात्री घायल

सीतापुर। सिधौली कोतवाली थाना क्षेत्र में महाकुंभ से लौट रहे नेपाली श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो विगत दोपहर सिधौली कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई और सौ मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में नौ श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती करवाया। वहां चार की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार नेपाल के कैलाली जिले के टीकापुर निवासी श्रद्धालु बोलेरो से महाकुंभ गए थे। वहां से काशी व अयोध्या का भ्रमण कर नैमिषारण्य दर्शन के लिए आ रहे थे। इस दौरान मिश्रिख मार्ग पर बाड़ी गांव के पास बोलेरो पलट गई। दुर्घटना में लालूराम ढकल (49), उनकी पत्नी राधा ढकल (42), पवित्रा खनाल (40) और सरस्वती खनाल (51) गंभीर रूप से घायल हो गए।चंद्रा धमाल (65), सिद्ध भंडारी (33), लोकराज खनाल (51), मेघराज (55) व वीरेंद्र खनाल (41) भी जख्मी हो गए। सभी गंभीर घायलों का जिला अस्पताल व जख्मी श्रद्धालुओं का सीएचसी सिधौली में इलाज जारी है।वीरेंद्र ने बताया कि उनके बोलेरो वाहन के आगे मिश्रिख मार्ग पर अचानक एक साइकिल सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। बोलेरो पलटने के बाद सौ से डेढ़ सौ मीटर घिसटती चली गई।

खाली मैदान में प्रस्तावित गेस्टहाउस, दुकानों के निर्माण को लेकर नगर में हलचल बढी

-एसडीएम को ज्ञापन देकर दूसरे स्थान पर गेस्टहाउस व दुकानों का निर्माण कराने की मांग

जालौन/उरई। नगर में खेल के मैदान के रूप में छत्रसाल इंटर कॉलेज के बगल में स्थित खाली मैदान को सार्वजनिक रूप से उपयोग में लिया जाता है। इस स्थान पर नगर पालिका द्वारा गेस्टहाउस व दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। इसको लेकर राजनैतिक दलों के साथ ही खिलाड़ियों और नगर के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर गेस्ट हाउस व दुकानों को अन्यत्र बनवाने की मांग की है।

पूर्व खिलाड़ी फरीदउल्ला, सूरज प्रजापति, विनय श्रीवास्तव, मुईन, सुशील बाजपेई, अब्दुल हकीम, शशांक सिंह, रामपाल सिंह, सरबर अली, सपा नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष दीपू त्रिपाठी, पवन द्विवेदी, जाकिर सिद्दीकी, इसराईल शाह, दिलीप कुमार, शकील खान, परवेज, राजाभइया दोहरे, विजय कुमार आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में खेल के मैदान के रूप में छत्रसाल इंटर कॉलेज के बगल में बने मैदान का उपयोग आजादी के पूर्व से किया जाता रहा है। इस स्थान पर प्रतिवर्ष अंतर्राजीय, मंडल स्तरीय व जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। नगर में यही एकमात्र खेल का मैदान बचा है। यहां शारीरिक प्रशिक्षण, योग प्रशिक्षण, एनसीसी कैंप क्रिकेट फुटबॉल, हॉकी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। स्कूली स्तर की भी प्रतियोगिताएं यहीं आयोजित होती हैं। इसकें अलावा पुलिस मॉकड्रिल भी यहां होती रहती है। लेकिन नगर पालिका द्वारा इस स्थान पर गेस्ट हाउस और दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। गेस्ट हाउस और दुकानों का निर्माण होने से खेल के मैदान के लिए जगह नहीं बचेगी।

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने थाना अध्यक्ष रेउसाको सोपा ज्ञापन

रंउसा-सीतापुर। बंजरग दल कार्यकर्ता सदींप बंजरगी(जिला सह मंत्री) द्वारा थाना थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी एंव संबंधित अधिकारी रेउसा को ज्ञापन सोपा ,मुख्य बिंदु सोनासर देवी देवस्थान पर अवैध कब्जे नखहा कनौरा में मंदिर की जमीनों पर गैर समुदाय के लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।पुलिस और उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कर कार्रवाई करने का आशवासन दिया गया है।इसका नेतृत्व संदीप बजरंगी जिला सह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल अवध प्रांत (विसवां) विनीत बजरंगी प्रखण्ड संयोजक रेउसा विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल पुनीत राजवीर प्रखंड उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल सूरज शुक्ला प्रखंड उपाध्यक्ष पंकज बजरंगी प्रखंड सहसंयोजक शिव भगवान शास्त्री जी प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग बजरंगी दिलीप राज संत कुमार पाल दीपू बजरंगी शिवा अवस्थी शशिकांत बजरंगी प्रखंड सेवा प्रमुख राम लखन रस्तोगी जी इंद्र कुमार बजरंगी बिंद्रा प्रसाद बजरंगी नरेंद्र बजरंगी आकाश अवस्थी बजरंगी मोनू अवस्थी बजरंगी सुजीत अवस्थी प्रखण्ड उपाध्यक्ष राजा रस्तोगी जी विष्णु कुमार मिश्रा अमरीश बजरंगी एवं समस्त बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

सीतापुर के युवाओं को मिल रहा विदेश में नौकरी करने का मौका

सीतापुर । जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि देश के बाद अब युवाओ को विदेशों में नौकरी का मौका मिल रहा है। जर्मनी,जापान और इजरायल में उच्च वेतन के साथ रोजगार संगम पोर्टल पर नौकरी के अवसर उपलब्ध है। रोजगार संगम पोर्टल पद पर आवेदन शुरू हो गए है।जर्मनी, जापान और इजराइल सरकार से करार के बाद सहायक नर्स, केयर टेकर सहित कई पदों पर नौकरी के लिए अवसर प्राप्त हुए है। आवेदन की अन्तिम तिथि 28 फरवरी 2025 है अंग्रेजी के साथ सम्बन्धित देश की भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। युवाओं के

पास कम से कम एक साल का अनुभव होना चाहिए। आवेदन करने में किसी प्रकार की समस्या हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला सेवायोजन अधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी से सर्म्पक कर सकते है रोजगार संगम पोर्टल पर लॉगिन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।जर्मनी में 250 पदों के लिए आवेदन मांगे गये है। जिनके पास नर्सिंग डिप्लोमा या बीएससी नर्सिग, जीएनएम की डिग्री के साथ एक साल का अनुभव हो। इन्हें अस्पतालों, विशेष क्लीनिकों,पुनर्वास केन्द्रों और वृद्धों की देखभाल के लिए रखा जाएगा। इन्हे सप्ताह में पॉच दिन एवं आठ घंटे प्रतिदिन नौकरी करनी होगी। 20 से 40 साल तक के युवा आवेदन कर सकतें है। 2.30 लाख रुपये सैलरी मिलेगी। जापान में 50 युवक एवं युवतियों के लिए आवेदन मॉगें गए है। केयर टेकर और केयर गिवर के लिए 20 से 27 साल तक के युवा आवेदन कर सकते है। कम से कम एक साल का अनुभव होना चाहिए। 1.17 लाख रुपये सैलरी दी जाएगी।इजरायल में 5000 युवक एवं युवतियों के लिए आवेदन मागे गए है। इनमें से 90 प्रतिशत सीट महिलाओं हेतु आरक्षित है। 25 से 45 साल तक के युवा आवेदन कर सकतें है। इन्हें 1.32 लाख रूपये सैलरी दी जाएगी।उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जर्मनी, जापान और इजरायल में युवाओं को भेजा जा रहा है, हाल ही में जनपद से अभ्यर्थियों को इजरायल भेजा गया है।

समय सारिणी के अनुसार होगी परीक्षाएं

सिधौली -सीतापुर। उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल और इण्टर मीडिएट परीक्षा 24फरवरी025को अपने पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समस्त परीक्षा केंद्र पर सम्पन्न होगी।इस आशय की जानकारी देते हुए स्थानीय सर्वोदय विद्या मंदिर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अभिष ने कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक सीतापुर की जारी सूचना का हवाला देते हुए बताया है।

जिम्मेदारों के कान में नहीं रेगा जूं : बीते दिनों कई समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी खबर

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार

अम्बेडकर नगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर जलालपुर में रात में दवा और सुविधाओं का अभाव। उपरोक्त शीर्षक पर कई समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों के कान में अभी तक जू नहीं रेंग रहा है, क्या किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी। आपको बताते चलें कि नगपुर जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को रात के समय दवा और इलाज के लिए गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई समाचार पत्रों में इसकी खबरें प्रकाशित होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यहाँ की लचर व्यवस्था के चलते मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं, खासकर सामान्य डिलीवरी जैसी स्थितियों में, जहाँ रात में न तो दवा दी जा रही है और न ही उचित देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। परिणामस्वरूप, मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएँ खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भारी बोझ पड़ रहा है।

रात में दवा वितरण ठप, मरीज परेशान :-

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक जयप्रकाश के अनुसार, शाम को दवा की क्लोजिंग कर दी जाती है, और रात में किसी भी मरीज को दवा नहीं दी जाती। यह नियम इमरजेंसी मामलों को छोड़कर सभी मरीजों पर लागू होता है। सामान्य डिलीवरी के बाद भी प्रसव पीड़िताओं को रात में दवा से वंचित रखा जाता है। अधीक्षक का कहना है कि दवा के लिए मरीजों को सुबह 10 बजे के बाद ही आना होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि रात में किसी मरीज की हालत बिगड़ जाए, तो वह कहाँ जाए? इस व्यवस्था से मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

डिलीवरी मरीजों को सिर्फ बुनियादी दवाएँ :-

सामान्य डिलीवरी के लिए यहाँ आने वाली महिलाओं को प्रसव के बाद केवल पैरासिटामोल और एंटासिड जैसी बुनियादी दवाएँ दी जाती हैं, जो गंभीर प्रसवोत्तर के बाद प्रसव पीड़िता की देखभाल के लिए क्या काफी हैं वह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ उनकी मजबूरी का फायदा उठा रहा है। ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट मनोज यादव का कहना है, रात में केवल इमरजेंसी की दवा दी जा सकती है। नॉर्मल डिलीवरी के मामले में रात में दवा नहीं मिलेगी। कई बार सिफारिश करने पर भी मरीजों को मामूली दवाएँ देकर टरका दिया जाता है, जिससे परिजनों में आक्रोश बढ़ रहा है।

बाहर से दवा खरीदने की मजबूरी :-

रात में दवा न मिलने के कारण मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाएँ खरीदनी पड़ रही हैं, जो अक्सर महंगे दामों पर मिलती हैं। गरीब परिवारों के लिए यह स्थिति असहनीय है, क्योंकि इलाज के लिए कर्ज लेना या जुगाड़ करना उनकी मजबूरी बन जाता है। वहीं, अस्पताल में मौजूद स्टाफ की उदासीनता मरीजों के दर्द को और बढ़ा रही है।

सरकारी दावों की पोल खोल रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर जलालपुर :-

सरकार दावा करती है कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज और दवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं, लेकिन नगपुर जलालपुर का यह स्वास्थ्य केंद्र इन दावों को खोखला साबित करता है। मरीजों को दवा से वंचित रखने के साथ-साथ उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर बाहर के मेडिकल स्टोर संचालकों को लाभ पहुँचाया जा रहा है। इससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या अस्पताल को दी जाने वाली दवाएँ कहीं ब्लैक में बेची जा रही हैं? यदि नहीं, तो दवाएँ मरीजों तक क्यों नहीं पहुँच रही हैं? ये सवाल अनुत्तरित हैं और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी व्यवस्था पर सवाल उठाती है।

एक प्रसव पीड़िता की आपबीती :-

हाल ही में एक प्रसव पीड़िता को रात में कोई सुविधा न मिलने से परिजन परेशान हो उठे। दर्द से तड़पती मरीज को देखकर जब परिजनों से नहीं रहा गया, तो उन्होंने बाहर से दवा खरीदी। दर्द कम होते ही उन्होंने तुरंत मरीज की छुट्टी करवाई और मजबूरन निजी अस्पताल में इलाज करवाने का फैसला किया। यह घटना इस स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति का जीता-जागता सबूत है।

निष्कर्ष :-

नगपुर जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की यह स्थिति न केवल मरीजों के लिए खतरा है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाती है। जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप कर व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहिए, ताकि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को समय पर इलाज और दवा मिल सके। अन्यथा, यहाँ की लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

आधार कार्ड बनवाने की परेशानी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के अकबरपुर प्रधान डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और संशोधन की प्रक्रिया में भारी अनियमितता सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डाकघर में तैनात गार्ड पैसे लेकर टोकन बांट रहे हैं।कटेहरी ब्लॉक के बरवा टीकमपुर के निवासी मोहम्मद शहीन ने बताया कि उन्हें एक दिन पहले सुबह 7 बजे आने को कहा गया। जब वे पहुंचे तो पहले ही 30 नंबर लग चुके थे। अभिषेक पांडे ने खुलासा किया कि आधार कार्ड में संशोधन के लिए 100 रुपये देने पर तुरंत नंबर मिल जाता है।अकबरपुर के रहने वाले मनोज ने बताया कि जब वे सुबह 7 बजे पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि 50 नंबर लग चुके हैं। यह स्थिति तब थी जब वहां कोई नहीं था। स्थानीय लोगों का कहना है कि गार्ड पैसे लेकर मनमाने ढंग से नंबर लगा रहे हैं।बिना काम कराए लौट रहे लोग,यूआईडीएआई के सर्वर में तकनीकी समस्या के कारण रोजाना बड़ी संख्या में लोग बिना काम कराए लौट रहे हैं। बुधवार को अकबरपुर प्रधान डाकघर और बैंकों में सुबह से ही आधार कार्ड बनवाने और संशोधन के लिए लोग बच्चों के साथ लाइन में लगे रहे। लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद भी उनका काम नहीं हो पा रहा है।सभी जगह जरूरी है आधार कार्ड आधार कार्ड अब हर जगह जरूरी हो गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए इसे लगाना जरूरी है। ऐसे में लोग अपने आधार कार्ड की त्रुटियों को दूर कराने के लिए दौड़ भाग कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ स्कूल में छात्रवृत्ति फार्म जमा करने के लिए भी लोगों को आधार कार्ड की गड़बड़ी ठीक कराना अनिवार्य है। लोगों ने बताया कि भीषण ठंड में सुबह से ही लाइन में लगे हुए हैं, मगर कई दिन से चक्कर लगाने के बाद भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है।लोगों ने बताईं समस्याएं कभी फार्म में कमी बताकर उसे रिजेक्ट कर दिया जा रहा है तो कभी सर्वर की सुस्ती के कारण टाइमआउट होने से परेशानी खड़ी हो रही है। विज्ञापन कुर्की बाजार निवासी रमेश ने बताया कि बेटी सौम्या के आधार कार्ड में गड़बड़ी के चलते राशन कार्ड में नाम नही बढ़ पा रहा है। इसे सही कराने लिए कई दिनों से डाकघर का चक्कर काट रहे हैं। दो बार रिजेक्ट हुआ आवेदन सूरापुर निवासी विनोद ने बताया कि अपने पुत्र विराट का नया आधार कार्ड बनवाने के लिए बैंक पहुंच कर आवेदन किया। पूर्व में आवदेन रिजेक्ट हो चुका है, ऐसे में डर है कि कहीं इस बार भी आवेदन रिजेक्ट न हो जाए। डाकघर अकबरपुर में अपने दो पुत्रियों के साथ पहुंचे संजय ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए तीसरी बार आया हूं।

प्री- पीएच.डी. सेमिनार हुआ सम्पन्न

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार

अम्बेडकर नगर। बाबा बरुआ दास पी. जी. कालेज परुइय्या आश्रम अम्बेडकर नगर के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजेश उपाध्याय के निर्देशन में महाकवि कालिदास के काव्यों में लोक धर्म = एक समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से पंजीकृत शोधार्थिनी रंजना सिंह ने प्री- सब्मिशन कार्य विभागाध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. सत्येन्द्र कुमार यादव, डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय सहायक आचार्य, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ. अमर नाथ,राम अचल यादव,सुशील कुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ. चन्द्रकेश तथा श्रेया,दिव्या आदि छात्राओं की पृच्छा का शोधार्थी ने शमन किया। उप प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष प्रो.पवन कुमार गुप्त तथा शोध निर्देशक डॉ.राजेश उपाध्याय ने शोधकर्ती रंजना सिंह के शोध प्रबन्ध को जमा करने की संस्तुति सहित अग्रसारित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्नेहिल शुभाशीष प्रदान किया।

शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की व्यवस्था बजट में नहीं होने से नाराजगी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। 22 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की व्यवस्था नहीं होने से शिक्षामित्रों में घोर निराशा व नाराजगी व्याप्त है। शिक्षामित्र उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में 24 बर्षो से नियमित शिक्षकों की तरह कार्य करते हैं तथा शिक्षक की सभी योग्यता रखते हैं। लम्बे समय से शिक्षामित्रों द्वारा मानदेय वृद्धि की मांग की जा रही है। लेकिन आठ वर्षों से अभी तक शिक्षामित्रों के मानदेय में सरकार द्वारा 1 पैसे की वृद्धि नहीं किया गया। इस कमरतोड़ महंगाई में आर्थिक तंगी के चलते शिक्षामित्रों को अपना परिवार पालना मुश्किल हो गया है ।जिसके कारण आर्थिक तंगी से परेशान होकर लगभग 12 हजार से अधिक शिक्षामित्रों ने मौत को गले लगा लिया। फिर भी सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं किया गया। शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष व शिक्षामित्र केयर समिति अंबेडकर नगर के जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि का सरकार द्वारा पेश बजट में प्रावधान न होने से शिक्षामित्रों में घोर निराशा व नाराजगी व्याप्त है। जिलाध्यक्ष जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि जहां कमरतोड़ महंगाई में आर्थिक तंगी से परेशान शिक्षामित्रों को राहत प्रदान करने के लिए मानदेय वृद्धि की जरूरत थी तो वहां सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को आयुष्मान कार्ड का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। जिसका लाभ पाने के लिए शिक्षामित्रों को बीमार होना पड़ेगा। पूर्व में सरकार द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों खबरों के माध्यम से मानदेय वृद्धि की घोषणा भी की जा चुकी है। समय-समय पर सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को लेकर कई कमेटियां भी गठित की गयी लेकिन परिणाम शून्य रहा। शिक्षामित्रों के मूल निकटतम विद्यालय समायोजन सम्बन्धित शासनादेश जारी होने के बाद भी समायोजन की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। पेश किए गए बजट कों लेकर शिक्षामित्रों में निराशा व नाराजगी है। जिलाध्यक्ष / जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षक संघ द्वारा मांग की जाती है कि शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि करते हुए नियमित शिक्षकों जैसी व्यवस्था प्रदान किया जाये। यदि सरकार द्वारा शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो शिक्षामित्र पुनः आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा।

राज्य स्तरीय ओपन महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच आज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय, अम्बेडकरनगर द्वारा राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 21 से 23 फरवरी, 2025 तक ओपन राज्य आमंत्रण महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारम्भ सचिव जिला ओलम्पिक संघ डा0 हनुमान प्रताप सिंह द्वारा किया गया एवं उसके बाद हुए कई रोमांचक मुकाबलों में विवेक मौर्य संरक्षक नारायण फाउंडेशन, डा0 संतोष कुमार यादव, एमबीबीएस, मेडलाइफ हास्पिटल, मौजूद रहे और विभिन्न टीमों के खेल का शुभारंभ किया अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और जनपद में हो रही इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पर खुशी जाहिर की दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिता में आए हुए अतिथियों का कार्यक्रम आयोजक जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य द्वारा स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का पहला मैच जनपद मऊ एवं सुल्तानपुर के बीच 03सेट में खेला गया। जिसमें सुल्तानपुर ने मऊ की टीम को दो सेट में 25-10 एवं 25-18 के अन्तर से उसके बाद अयोध्या ने बलिया जनपद की टीम को 25-6 एवं 25-5 के अन्तर से, फिर मऊ ने रायबरेली को 25-12 एवं 25-16 के अन्तर से हराया। उसके बाद अयोध्या ने सिद्धार्थनगर को 25-13 एवं 25-15 के अन्तर से हराया। अगले मैच में सुल्तानपुर ने रायबरेली को 25-20 व 25-15 के अन्तर से हराया। उसके बाद लखनऊ ने मऊ को 25-17 व 25-11 के अन्तर से हराया। फिर सिद्धार्थनगर ने गोरखपुर 25-12 एवं 25-5 के अन्तर से हराया। उसके बाद लखनऊ की टीम ने अम्बेडकरनगर को 25-12 एवं 25-13 के अन्तर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रामजीत, देवेन्द्र यादव, बलराज सिंह, सईद अहमद खान, अनीश राय, रमाकान्त पाण्डे, शिव शंकर यादव, संजय कुमार, विनय राजभर उदयराज, शिवाजीत सिंह, जुगनू ने निभायी। इस अवसर पर आशाराम वर्मा कोषाध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ, कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, वीरेन्द्र निषाद, समस्त प्रशिक्षक सुमेधा यादव, अदनान अहमद, देशपाल सिंह, अभिषेक उपाध्याय, अमित चौरसिया, शिल्पी गौतम, देशपाल सिंह एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे। अन्त में क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या ने बताया कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच आज दिनांक 23 फरवरी, 2025 को खेले जायेंगे।

गैर जमानती वारंट पर भी हाजिर नहीं हुए पुलिस कर्मी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के फतेहगंज के आढ़त व्यापारी राजकुमार सोनकर से इनायत नगर थाना में मारपीट कर कैद रखने के आरोप में तत्कालीन थाना प्रभारी जंग बहादुर सिंह सहित 10 पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किए जाने का आदेश जारी हुआ है। साथ ही सभी आरोपियों के पुलिस कर्मी होने के बाद भी कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर न्यायाधीश ने कड़ा रुख अपनाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराए जाने के लिए पत्र भी जारी करने का आदेश दिया है। यह कड़ी कार्यवाही विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से हुई है। पीड़ित पक्ष की ओर से कोर्ट में दाखिल प्रार्थना पत्र के मुताबिक वर्ष 2012 में फतेहगंज का आढ़त व्यापारी राजकुमार सोनकर वसूली के विवाद को लेकर थाना इनायत नगर गए तो वहां पर मारा पीटा गया। पीड़ित ने कहीं सुनवाई न होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने तत्कालीन एसओ जंग बहादुर सिंह, दरोगा अखिलेश कुमार, सिपाही रजत कुमार सिंह, शौकत खान, मुंशी अजय कृष्ण राय व सुरेंद्र शर्मा, होमगार्ड देशराज सिंह, दिलीप सिंह, इंद्रजीत सिंह व अजीत सिंह को एससी / एसटी एक्ट सहित कई अपराधों में 17 जनवरी 2014 को एसीजेएम तृतीय की कोर्ट ने तलब कर लिया। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय नावेद मुजफ्फर की अदालत से 22 जुलाई 2024 को सभी पुलिस कर्मियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट का आदेश जारी किया गया। इसके बाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने सभी आरोपियों को जिला अदालत में तीन माह के अंदर हाजिर होने का आदेश पारित किया गया। घटना में शामिल आरोपी उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद कोर्ट में नौ माह बाद भी हाजिर नहीं हुए। न्यायाधीश ने तत्कालीन थाना अध्यक्ष जंगबहादुर सिंह सहित सभी 10 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट का आदेश पारित किया। साथ ही इस संबंध में अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भी जारी करने का आदेश देते हुए सुनवाई के लिए 20 मार्च 2025 की तिथि नियत कर दिया।

विवेकानन्द शिशु कुञ्ज के शिवांश यादव को मिला प्रधानमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल एनटीपीसी टाण्डा अम्बेडकर नगर में कक्षा नवम (क) के शिवांश यादव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिवांश यादव ने बीते दिनों गुजरात के बड़नगर के विद्यालय में प्रेरणा अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था। जहां पर शिवांश ने व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपने ज्ञान को प्राप्त किया। इसी विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यादें जुड़ी हैं और वहीं पर उनका बचपन बीता है। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने शिवांश यादव को प्रधानमंत्री द्वारा प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि भैया शिवांश को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यालय परिवार की तरफ से इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं एवं क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई देता हूं। आप ने मेहनत कर ईमानदारी से इस खूबसूरत मुकाम को पाया है, आपकी सफलता और आपकी जीत ने बहुत लोगो को हौसला बढ़ाया है। आप इस सारी सफलता और इससे भी अधिक के हकदार हैं।

जिलाधिकारी ने सौ सैय्या अस्पताल वृंदावन का किया औचक निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान /नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन (सौ सैय्या अस्पताल वृंदावन) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आम नागरिक की तरह लाइन में लग कर पूछताछ खिड़की पर बीमारी /अस्पताल/स्टाफ के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने एन0आर0सी0 सेंटर का भ्रमण कर कुपोषित बच्चों का हाल चाल जाना। एन0आर0सी0 में माताओं से खान, पानी, दवा आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने माताओं से कहा कि अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें। अस्पताल में संचालित रसोई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने सब्जी, दाल, चावल आदि की गुणवत्ता को परखा। परखने पर जिलाधिकारी को गुणवत्ता सही नहीं मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खाना की गुणवत्ता में सुधार लाएं। सुधार न करने पर ब्लैक लिस्ट करके प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने अस्पताल में रखे हुए सभी रजिस्टरों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट साफ-सफाई के निर्देश दिए। मरीजों के परिजनों के लिए बैठने, पेजयल, शौचालय आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

त्रिवेणी संगम में स्नान का सौभाग्य, कुंभ नगरी में मिली दिव्य अनुभूति :कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव

महाकुंभ नगर। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर महाकुंभ की आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की पुण्यभूमि पर आना और संगम में स्नान करना जीवन के श्रेष्ठ पुण्यों के उदय का परिणाम है। मंत्री शाही ने कहा कि कुंभ नगरी में प्रवेश करते ही एक अद्भुत दिव्यता का अहसास होता है। इस भूमि का कण-कण इतना पवित्र है कि यहां आते ही आत्मा तक शुद्ध हो जाती है।卐 उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर आध्यात्मिक ऊर्जा से स्वयं को समृद्ध करें। उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार श्रद्धालुओं को सुगम और दिव्य अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दुतान से मुस्तफा अली

सुसनेर//शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में कक्षा 8 के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्षता संस्था प्रभारी भेरूलाल ओसारा द्वारा की गई ओर विशेष अतिथि के रूप में हाई स्कूल प्राचार्य जुबेर खान और दिनेश मेहता द्वारा की गई कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 8 के भैया बहनों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया जिसके पश्चात बहनों द्वारा अतिथियों को कुमकुम तिलक लगा कर स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओर विशेष अतिथियों द्वारा बच्चो को परीक्षा से भय मुक्त होकर तैयारी के गुण दिए वही उत्कृष्ट कार्यों के लिए भैया बहनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह झाला द्वारा किया गया इस अवसर पर खेरिया संस्था परिवार से शिक्षक विकास हर्षवाल ,पवन चौहान ,संजय कुमार ओसारा, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकचंद्र पाटीदार,रमेशचंद्र दांगी ओर सहायिका रीना यादव उपस्थित रहे।

कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के किए पुख्ता इंतजाम

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद में कांवड़ यात्रा और महाशिव रात्रि के पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है।कावड़ियों को यात्रा के दौरान कोई समस्या न हो इसलिए पुलिस ने जगह जगह पुलिस सहायता केंद्र बनाए है।अपर पुलिस अधीक्षक एटा राजकुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताए कि एटा में 10 शिव मंदिर है।जिनमे तीन प्रमुख शिव मंदिर है।बागवाला थाना क्षेत्र में परसोन स्थित शिव मंदिर जहां महाभारत काल में भीम ने आकर घंटा चढ़ाया था ,दूसरा जलेसर में स्थित पटना पक्षी बिहार मंदिर,कोतवाली नगर स्थित कैलाश मंदिर,पुलिस और प्रशासन ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है पुलिस ने ड्रोन कैमरों के माध्यम से सुरक्षा का जायजा लिया है।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में क्यू आर टी तैनात की गई है।अलग से रूट डाइवर्जन किया गया है।जगह जगह बैरीकेटिंग की व्यवस्था की गई है।पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए है।पुलिस सहायता के लिए 1090 नंबर डिस्प्ले किए गए है।कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मी भी तैनात रहेंगी।

ड्रोन कैमरों से निगरानी,रूट डाइवर्जन, सहित की गई तमाम व्यवस्थाएं

शौचक्रिया को गई किशोरी से छेड़छाड़ ,एसपी से शिकायत

केसरिया हिन्दुस्तान कौशाम्बी

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में शौचक्रिया को जा रही किशोरी के साथ गांव का ही एक युवक छेड़छाड़ किया।विरोध करने पर युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला।गुरुवार को पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करके कार्रवाई की मांग किया है। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरुवार की देर शाम गांव की एक किशोरी अपने भाभी के साथ गांव के बाहर एक खेत में शौच क्रिया को गई थी।किशोरी को खेत में अकेला देख कर गांव का ही रहने वाला युवक ग़ौसुल पुत्र नसीर ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा।किशोरी के शोर मचाने पर पास के खेत में रही उसकी भाभी मौके पर आ गई।और विरोध करने लगी।इस पर युवक ने कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए युवक भाग निकला।गुरुवार को कुनबे के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर पीड़िता की मां ने शिकायती पत्र देकर करवाई कि मांग की है।

विधानसभा सत्र में गूंजीं बारा और शंकरगढ़ की समस्याएं, विधायक डॉ. वाचस्पति ने उठाई जनता की आवाज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

बारा, प्रयागराज। 264 (सुरक्षित) विधानसभा सीट से विधायक डॉ. वाचस्पति ने लखनऊ विधानसभा बजट सत्र में अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की, जिससे जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र का विकास तेजी से हो।

विधायक ने इन अहम मुद्दों को सदन में उठाया : 1. बुंदेला नाले पर पुल और सफाई की मांग : प्रतापपुर बुंदेला नाले की गंभीर जलभराव और गंदगी की समस्या को उठाते हुए विधायक ने इस पर पुल निर्माण को अति आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को इस जलभराव से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और इसे जल्द दूर किया जाना चाहिए।

2. प्रतापपुर पीपा पुल को पक्का पुल बनाने की मांग : प्रतापपुर में हर साल यमुना नदी पर गर्मियों में पीपा पुल बनाया जाता है, जो प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ और चित्रकूट जिलों को जोड़ता है। विधायक ने इस पुल की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे स्थायी (पक्का) पुल बनाने की मांग की, ताकि लोगों को बार-बार अस्थायी पुल की समस्या से छुटकारा मिल सके।

3. शंकरगढ़ मिनी स्टेडियम का विकास

विधायक डॉ. वाचस्पति ने शंकरगढ़ के मिनी स्टेडियम की बदहाली का मुद्दा उठाया और सरकार

से मांग की कि इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकें।

4. नारी बारी को विकासखंड का दर्जा दिलाने की मांग : शंकरगढ़ विकासखंड के नारी बारी क्षेत्र की आबादी काफी अधिक होने के बावजूद इसे विकासखंड का दर्जा नहीं दिया गया। विधायक ने सदन में इस क्षेत्र के प्रशासनिक और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसे विकासखंड घोषित करने की मांग की।

5. शंकरगढ़ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का जीर्णोद्धार : विधायक ने शंकरगढ़ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की जर्जर स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के जीर्णोद्धार से क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी और उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी।

6. ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का समाधान : विधायक ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल की भारी किल्लत का मुद्दा उठाते हुए सरकार से सुनिश्चित करने की अपील की कि हर गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हो।

7. नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नहरों का जाल तो है, लेकिन उनमें पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जाता, जिससे कई इलाकों में पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता और किसान परेशान रहते हैं। उन्होंने नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ने की मांग की, ताकि खेती प्रभावित न हो।

8. घूरपुर-प्रतापपुर मार्ग की मरम्मत की मांग : 34 किलोमीटर लंबा यह मार्ग कई राज्यों और जिलों को जोड़ता है, लेकिन इसकी हालत बेहद खराब है। विधायक ने सरकार से इसे ठीक करवाने की मांग की, ताकि यात्रियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े और परिवहन सुगम हो सके।

विधानसभा में क्षेत्रीय समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए जनता ने विधायक डॉ. वाचस्पति की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहली बार कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर सदन में उठा रहा है।

पीएफए की मुरादाबाद अध्यक्ष के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद

मेनका गांधी की एन जी ओ पी एफ ए की मुरादाबाद अध्यक्षा करुणा शर्मा पर बीती रात दबंगों ने हमला कर दिया जिसमें करुणा शर्मा को काफी चोटें आई हैं पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है बताया जा रहा है कि करुणा शर्मा ने बीते समय में इन लोगों पर पशु संरक्षण अधिनियम के तहत एक मुकदमा दर्ज कराया था।

दबंग ना तो कानून से डर रहे हैं ना कैमरों से इसका जीता जागता उदाहरण बीती रात मिला जब मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद इलाके में करुणा शर्मा नाम की महिला पर जानलेवा हमला कर दिया जबकि ये पूरा घटनाक्रम सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गया। करुणा शर्मा मेनका गांधी की एन जी ओ पी एफ ए की मुरादाबाद जनपद की अध्यक्षा हैं।ये संस्था पशुओं के उत्थान के लिए काम करती है बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले नितिन वर्मा नाम के युवक पर करुणा शर्मा ने पशु संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था जिसके चलते 21 फरवरी की रात लगभग आठ बजे 4 लोग करुणा शर्मा के घर लाठी डंडे लेकर पहुंचे और उनके साथ मारपीट की।पूरी घटना कैमरों में कैद हो गई।तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने 3 युवकों और एक महिला पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

एसडीएम से नही मिला इंसाफ तो पीड़ित पहुंच गया डीएम के पास

भ्रष्ट सफाई कर्मी पर नगर पंचायत मे बैठकर अबैध धन बसूली करने का लगा आरोप

केसरिया हिन्दुस्तान
इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत-बरखेड़ा। कस्बे के वार्ड नंबर 7 निवासी भीमसेन पुत्र भोला नाथ ने पीलीभीत डीएम संजय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। की पीड़ित अपने पैतृक मकान की हाउस टैक्स पंजीकृत कराने दिनांक 15 जनकारी 2025 को नगर पंचायत गया था। तभी वहा पर तैनात महेश पुत्र दीपचंद ने पीडित को हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पंजीकृत के नाम पर दो हज़ार रूपए बसूल लिए और रसीद केवल पन्द्रह सौ रूपए की दे दी जब पीड़ित ने दो हज़ार रूपए लेकर पन्द्रह सौ की रसीद क्यो दी इसी बात को लेकर भ्रष्ट महेश पीड़ित से झगड़े फसाद पर आमादा हो गया। और पीडित को गन्दी गन्दी गालिया देते हुए कहा की रसीद15 सौ रूपए की ही दूंगा और 20 हज़ार रूपए लूगा तुम्हे जो करना हो कर लो अगर ज्यादा कुछ कहा तो जान से मार देंगे उक्त घटना नरेश के सामने हुई है। मेरे साथ साथ और भी कई लोगो के साथ महेश अभ्रद व्यवहार करता रहता है। और अबैध रूप से धन बसूलता है। महेश का मूल पद सफाई कर्मी का है। वह अपने मूल पद पर कार्य ना करके वह नगर पंचायत मे बाबू की हैसियत से कार्य कर रहा है। और जमकर अबैध धन की बसूली करता है। और लोगो का आर्थिक शोषण कर रहा है। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसडीएम बीसलपुर नागेन्द्र पाण्डेय को 13 फरवरी को शिकायत पत्र देकर सफाई कर्मी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की थी। लेकिन जब बीसलपुर एसडीएम से पीड़ित युवक को न्याय नही मिला उसके बाद पीड़ित युवक ने पीलीभीत डीएम शिकायती पत्र देकर भ्रष्ट सफाई कर्मी महेश कुमार के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। बीसलपुर एसडीएम की लापरवाही के चलते पीड़ित युवक इंसाफ के लिए जिले के अधिकारियो के चक्कर काट रहा है।

मिट्टी खिसकने के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं निकला कोई स्थाई समाधान

घरों में आने जाने के रास्ते का तुरंत प्रभाव से प्रबंध करवाने की भी कि मांग

डीसी साहब! आप भी एक बार दौरा कर लीजिए

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा

जीन्द विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने लगाया आरोप मिट्टी खिसकने के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं निकला कोई स्थाई समाधान मकानों के आगे बनी हुई है 30-30, 40-40 फीट गहरी खाई लोग भारी दहशत में, मकानों के गिरने का बना हुआ है डर 24 घंटे से पशु घरों में कैद होकर रह गए है जो बुजुर्ग बाहर थे वो अंदर नहीं आ पा रहे जो अंदर थे वो बाहर नहीं आ पा रहे 75 साल की एक बुजुर्ग महिला तो बेचारी कल से घर से बाहर है जो बहुत परेशान नजर आ रही गोयल ने जीन्द के डीसी से मौके का दौरा करने व इस मामले की किसी मजिस्ट्रेट लेवल के अधिकारी से जांच करवाने की कि मांग घरों में आने जाने के रास्ते का तुरंत प्रभाव से प्रबंध करवाने की भी कि मांग जो लोग पीड़ित है उन्हे इमरजेंसी सेवाएं देने की मांग

जीन्द = जीन्द विकास संगठन के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि भिवानी रोड पर अंडरपास के निर्माण के दौरान मिट्टी खिसकने के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई स्थाई समाधान नहीं निकला है। यहां मकानों के आगे 30-30, 40-40 फीट गहरी खाई बनी हुई। लोग भारी दहशत में है। जमीन खिसकने से मकानों में बडी बडी दरारे आ गई है। मकानों के गिरने का डर बना हुआ है। 24 घंटे से पशु घरों में कैद होकर रह गए है जो बुजुर्ग बाहर थे वो अंदर नहीं आ पा रहे। जो अंदर थे वो बाहर नहीं आ पा रहे। 75 साल की एक बुजुर्ग महिला तो बेचारी 24 घंटे से घर से बाहर है जो बहुत परेशान नजर आ रही है।

गोयल का कहना है कि लोगों को घरों में आने जाने के लिए सीढ़ियों का सहारा लगाना पड रहा है। एक एक सीढ़ी से काम नहीं चल रहा। 30-30, 40-40 फीट गहरी खाई होने की वजह से एक एक सीढ़ी के साथ अतिरिक्त सीढ़ी बांधनी पड रही है। ऐसी ऊंची सीढ़ियों से आना जाना खतरों से भरा है। राजकुमार गोयल ने जीन्द के डीसी मोहम्मद इमरान रज़ा से इस मामले में जरूर हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनसे मौके का दौरा करने की मांग भी की है। गोयल का कहना है कि जीन्द के डीसी को इस मामले की किसी मजिस्ट्रेट लेवल के अधिकारी से जांच करवानी चाहिए और आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए। जो लोग पीड़ित है उन्हे इमरजेंसी सेवाएं दी जानी चाहिए। घरों में आने जाने के रास्ते का तुरंत प्रभाव से प्रबंध कराया जाना चाहिए। जो मवेशी अंदर रुके हुए उनकी संभाल करनी चाहिए। जो बुजुर्ग बेचारे बाहर है और अंदर नहीं जा पा रहे उनकी व उनके परिवारों की भी संभाल की जानी चाहिए।

सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ ने की कार्रवाई

चैकिंग अभियान के तहत एआरटीओ ने काटे 65 वाहनों के चालान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अनाधिकृत पार्किंग के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ मिलकर वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल राजेश राजपूत तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय दल मनोज प्रसाद वर्मा द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान में सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। सड़क किनारे अवैध तरीके से खड़े वाहन लगातार एक्सीडेंट का करण बन रहे हैं। इनकी वजह से लगातार मौतें हो रही हैं, सड़कों को इस अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए परिवहन विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में प्रवर्तन कार्यवाही में सड़कों के किनारे अवैध तरीके से खड़े 65 वाहनों के चालान किए गए। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल राजेश राजपूत द्वारा समस्त वाहन चालकों / स्वामियों को सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन न खड़े करने के सख्त निर्देश दिए गए है। सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर की गई मांग

गरिमा सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष जेडीयू समाज सुधार वाहिनी प्रकोष्ठ, बांदा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

बांदा- जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर बदहाली को लेकर समाज सुधार वाहिनी प्रकोष्ठ, जेडीयू की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में जिला अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की दयनीय स्थिति को सुधारने की मांग की गई।

सीटी स्कैन मशीन बंद: बांदा जिला अस्पताल में पिछले पाँच महीनों से सीटी स्कैन मशीन बंद पड़ी है। इसके चलते गंभीर रोगियों, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों और अन्य आवश्यक चिकित्सा सहायता के लिए आने वाले नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाहरी निजी केंद्रों में कमीशनखोरी के कारण मरीजों से अधिक धनराशि वसूली जा रही है, जिससे गरीब वर्ग को चिकित्सा सुविधा लेना मुश्किल हो गया है।

डॉक्टरों की भारी कमी: जिला अस्पताल में डॉक्टरों की अत्यधिक कमी बनी हुई है। मरीजों की संख्या के अनुपात में डॉक्टरों की उपलब्धता बेहद कम है, जिससे इलाज में देरी हो रही है और मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।

ट्रॉमा सेंटर में भ्रष्टाचार एवं दलाली का बोलबाला : बांदा ट्रॉमा सेंटर अब मात्र एक रेफर सेंटर बनकर रह गया है। यहां

कार्यरत डॉक्टर और स्टाफ मरीजों को सरकारी अस्पताल में उचित इलाज देने के बजाय निजी अस्पतालों में रेफर कर रहे हैं, जहां अधिक शुल्क लिया जाता है। एंबुलेंस सेवा से लेकर बाहरी निजी मेडिकल स्टोर्स तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है, जिससे गरीब मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम्य क्षेत्रों में पीएचसी एवं सीएचसी की दुर्दशा: ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (क्ष्।ष्ट) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ष्ट) की स्थिति अत्यंत खराब है। डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी है। कई डॉक्टर दूर-दराज के पीएचसी-सीएचसी में उपलब्ध नहीं रहते या फिर अपने निजी क्लीनिक में मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं। आम जनता की शिकायतें लगातार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ष्टस्ह्र) कार्यालय तक पहुँच रही हैं, लेकिन सीएमओ कार्यालय द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

खाद्य एवं औषधि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार-: औषधि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण निजी मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा दवाइयों की मनमानी कीमतें वसूली जा रही हैं। प्राइवेट मेडिकल स्टोर संचालक मनमानी दरों पर दवाइयाँ बेच रहे हैं, और विभाग के कुछ अधिकारी इसमें शामिल हैं। इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की माँग की गई है।

सरकार से माँग: सीटी स्कैन मशीन को तुरंत चालू कराया जाए।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए एवं रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। ट्रॉमा सेंटर में चल रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने हेतु सख्त कदम उठाए जाएं। ग्राम्य क्षेत्रों में पीएचसी-सीएचसी की स्थिति सुधारने के लिए निगरानी समिति गठित की जाए। खाद्य एवं औषधि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कार्यवाही की जाए।

ज्ञापन में सम्मिलित लोग ,शालिनी सिंह पटेल जेडीयू नेत्री,बिहारीलाल, जिला सचिव जदयू दिव्यांगप्रकोष्ठ बांदा, कौशल किशोर यादव जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ जदयूबांदा, ज्योति मौर्य नगर अध्यक्ष अतर्रा जदयू महिला प्रकोष्ठ, पवन तिवारी,खुशबू किन्नर,जैसमीन किन्नर ,महेश कुमार,राजेश,निशा विश्वकर्मा,शिवम अमर दिन,मयंक आदि

मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के निवर्तमान अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

एड. की अध्यक्षता में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि के साथ,जिला एवं महानगर कांग्रेस की एक बैठक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर, भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ, जन समस्याओं के संघर्ष की रूपरेखा तैयार करने,तथा न्यायिक कार्य में लगे हुए देश के वकीलों के खिलाफ एडवोकेट बिल में संशोधन के बहाने अमेंडमेंट बिल लाकर वकीलों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले बिल के विरोध में हड़ताल कर रहे वकीलों को समर्थन देने तथा पंचायत चुनावों की तैयारीयों को लेकर, जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठवाड़ा मथुरा पर आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के निवर्तमान अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस जिले में बूथ स्तर पर अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत करते हुए ,भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन करेगी, आज भाजपा सरकार में किसान पीड़ित है, आंदोलनरत है, छात्र परेशान है, रोजगार उपलब्ध नहीं है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, देश का सभी व्यापार येन केन प्रकारेण अपने चहेते अडानी, अंबानी को दिए जा रहे हैं,ऐसे में आम बेरोजगार व्यक्ति अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहा है, उसके लिए रोजगार उपलब्ध नहीं है।

महिलाएं सुरक्षित नहीं है, महिलाओं के प्रति अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है,नगर में विकास अवरूद्ध है, सड़कों में जगह जगह गड्ढे हैं, नियोजित विकास का अभाव है।

चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की गलत नीतियों का उदाहरण अभी हाल ही में न्यायिक पेशे से जुड़े वकीलों के खिलाफ भाजपा सरकार द्वारा एडवोकेट बिल में संशोधन कर वकीलों के हितों को प्रभावित करने वाला अमेंडमेंट बिल लाने का प्रयास किया जा रहा है, इससे सारे देश में वकील सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष ने आंदोलन वकीलों की मांग को समर्थन देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अविलंब इस बिल को वापस ले लेना चाहिए, जिससे न्यायिक कार्य करने वाले वकीलों के हितों को नुकसान पहुंचे, अन्यथा वकीलों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी सड़कों पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

निवर्तमान जिला अध्यक्ष भगवान सिंह बर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस समर्पित और पार्टी में विश्वास रखने वाले व्यक्ति को ही पार्टी चुनाव लडाएगी और जो

व्यक्ति अपने क्षेत्र में जन समस्याओं के लिए कार्य कर रहे हैं ,ऐसे व्यक्ति को साथ लेकर हम गांव गांव जाकर तथा वार्ड वार्ड जाकर, जन समस्याओं के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संघर्ष करेंगे, कांग्रेस पार्टी पंचायत चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ेगी उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने सभी को धन्यवाद करते हुए कहा, कि शीघ्र ही महानगर में नगर निगम कि पार्षद और मेयर के मध्य चल रही अनबन के कारण, नगर का विकास अवरुद्ध हो गया है, सड़कों पर गंदगी, वार्डों में खरंजा,सड़क, नाली, सीवर सफाई आदि की समस्याएं मुंह बाए खड़ी है, बंदरों का आतंक लोगों की जान ले रहा है और यमुना के नाम से प्रसिद्ध इस तीर्थ नगरी मथुरा में विकास कहीं खो गया लगता है, शीघ्र ही एक बहुत बड़ा आंदोलन जन समस्याओं के लिए किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी ने बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी सरकार की जन विरोधी नीतियों का उदाहरण देते हुए कहा, कि जब से यह डबल इंजन की सरकार देश में आई है, किसान आंदोलन कर रहा है, व्यापारी पीड़ित है, छात्र परेशान है, महिलाएं सुरक्षित नहीं है और आज सभी को न्याय दिलाने में मदद करने वाले न्यायिक पेशे से जुड़े हुए ,वकीलों के हितों पर भी चोट पहुंचाने के उद्देश्य से एडवोकेट बिल में संशोधन कर वकीलों के हितों पर चोट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, केंद्र की भाजपा सरकार को वकीलों के हित में इस अमेंडमेंट बिल को अविलंब वापस ले लेना चाहिए, अन्यथा कांग्रेस वकीलों के साथ संघर्ष करेगी, पंचायत चुनाव के लिए अभी से पांचो विधानसभाओं में ब्लॉक अध्यक्षों सहित सभी से जुट जाने की अपील की। युवक कांग्रेस के यतेंद्र मुकद्दम ने जन समस्याओं के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भाजपा के पास में कोई भी ऐसी नीति नहीं है जिससे कि जनता का भला हो सके।

किसान कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत ने कहा कि अगर हम कांग्रेस के बूथ लेवल के कार्यकर्ता को साथ लेकर पंचायत चुनाव में जाएंगे तो पंचायत चुनाव में हमारी जीत निश्चित है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विनेश सनवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए, कहा कि हम अपना कार्य करते रहे, एक दूसरे को ना देखें जन सहयोग के साथ जनता के बीच में जाए, कांग्रेस संगठन की विचारधारा को लोगों की बीच में बताएं और भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करें।

कांग्रेस सेवादल के प्रकाश शर्मा, बृजेश शर्मा एडवोकेट, प्रवीण ठाकुर,नीलम कुलश्रेष्ठ, शिखा चौधरी , गीता दिवाकर, गुंजन चौधरी, अशोक शर्मा, नीलेश जादौन एडवोकेट,मनोज गौड़, महेश चौबे, डॉक्टर देव चौधरी, सतीश शर्मा,

गंगा शरण दीक्षित,रोशन लाल, मलिक अरोड़ा,ठाकुर भगवान सिंह ,शैलेंद्र चौधरी, लोकेश कुमार प्रधान, लाखन सिंह, राशिद खान, सलीम अब्बासी ,अजीत सैनी, राजकुमार तिवारी, सैयद साबिर ,सोनू वर्मा, अखलाक चौधरी, दीपक पाठक, मानवेंद्र सिंह पांडव, प्रमोद उपाध्याय, विजय सिंह लोधी, जिलानी कादरी, शाहरुख, अनिल कुमार, चंद्रमोहन, इंद्रजीत गौतम, नसरुद्दीन, आशीष अग्रवाल, योगेश जादौन, अप्रतिम सक्सेना, राकेश दिवाकर, रवि बाल्मिक, दीपक कुमार शर्मा,चंद्र प्रकाश जायसवाल, रविखरे वाल्मीकि, मोहम्मद आशिक आदि उपस्थित रहे।

कोतवाली सलोन अंतर्गत करहिया बाजार में नकली किन्नर पकड़े

रायबरेली से केसरिया हिन्दुस्तान से ब्यूरो धर्मवीर यादव

रायबरेली। जनपद के कोतवाली सलोन अंतर्गत करहिया बाजार में नकली किन्नर पकड़े गए हैं। असली किन्नरों ने इन्हें पकड़कर अवैध वसूली करने का दावा किया। यही नही इन नकली किन्नरों के कपड़े तक फाड़ दिए गए और इन्हें निर्वस्त्र करके पीटा भी गया। जिसका वीडियो में सामने आया है।

सलोन में किन्नर समाज की अगुवा जगदंबा गुरु ने बताया कि उनके चेलों ने इस नकली किन्नरों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि काफी समय से करहिया बाजार इलाके में नकली किन्नरों के द्वारा

लोगों से अवैध रूप से वसूली करने की खबर मिल रही थी। प्रतापगढ़ के रहने वाली अनीता किन्नर जो इन लोगों से इस तरह की वसूली करवाती है। उन्हें हमने कई बार फोन करके रोकने की कोशिश भी की। लेकिन यह लोग अपनी अवैध वसूली से नहीं रुके। हमारे यजमानों ने हमें फोन करके उनके बारे में बताया। तब हमने उन्हें पकड़ा। लेकिन दो-तीन किन्नर हमारे द्वारा पकड़े गए बाकी भाग गए। उनको हमने नंगा किया तो वह आदमी निकले। उनको पड़कर हमने करहिया चौकी में दे दिया। अनीता द्वारा इन्हें भेज करके अवैध वसूली करवाई जाती है। वह आदमियों को कपड़ा पहनाकर नकली किन्नर बनाती है और अवैध वसूली के साथ यह लोग चोरी, डकैती भी करते हैं। गाड़ियों में लूटपाट का काम भी यह लोग करते हैं। पकड़े गए एक ने बताया कि वह कानपुर का रहने वाला है। वह लालगंज आया था। उसे अनीता गुरु ने भेजा था। अन्य चेले लोग भी यहां आए थे। हम कल 6 लोग आए थे। कुछ भाग गए। उसने बताया कि वह एक डांसर है और कानपुर में काम किया करता है। कल दो किन्नर साथ थे बाकी अन्य डांसर थे।

बाबा नीव करोरी दशम स्मृति एवं स्थापना उत्सव पर किया गया रुद्राभिषेक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद

श्री राम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में बाबा नीव करोरी दशम स्मृति एवं स्थापना दिवस उत्सव ग्राम उमरी सब्जीपुर पाकबड़ा मुरादाबाद में मनाया जा रहा है कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर श्री पंच कुंडात्मक रूद्र महायज्ञ में सभी देवी देवताओं का पूजन किया गया इसके पश्चात सभी यजमानों के एवं भक्त जनों के द्वारा 51000 आहुतियां अर्पित की गई और महा रुद्राभिषेक किया गया आचार्य डॉक्टर घनश्याम त्रिपाठी काशी बनारस से पधारे हुए आचार्य जी के द्वारा यज्ञ का पूजन और रुद्राभिषेक किया गया। काशी से पधारे घनश्याम त्रिपाठी जी के द्वारा बताया गया कि भगवान शिव के रुद्र अवतार की पूजा करने के लिए रुद्राभिषेक किया

जाता है. यह भगवान शिव का एक प्रचंड रूप है मान्यता है कि रुद्राभिषेक करने से कई तरह के लाभ होते हैं इससे ग्रह दोष दूर होते हैं. मन शांत होता है. आत्मशक्ति और ज्ञान शक्ति बढ़ती है मानसिक बीमारियों से राहत मिलती है. रोगों और परेशानियों से मुक्ति मिलती है शिवलिंग का जो मंदिर नदी के तट या फिर पर्वत के किनारे स्थित हो, वहां स्थित शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करना शुभ फलदायी माना गया है

रुद्राभिषेक करने के लिए, अलग-अलग वस्तुओं का इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे कि जल, दूध, दही, शहद आदि इसके पश्चात संध्या काल में भजन संध्या पं0 राजकुमार गोस्वामी एंड पार्टी के द्वारा की गई जिसमें सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए गये और विनय चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया एवं मनमोहक झांकियां के द्वारा भजन संध्या में मां काली रौद्र रूप और शिव पार्वती विवाह की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही । संस्थापक अनिल कुमार शर्मा के द्वारा बताया गया कि महा रुद्राभिषेक में अनेक को भक्तों ने मिलकर महारुद्राभिषेक किया। और हिंदू राष्ट्र और अखंड भारत बनाने के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।

आज मुख्य यजमानों के द्वारा समस्त पूजन यज्ञ विधि विधान से किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित रहे राकेश गुप्ता शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता विनीत गुप्ता प्रदीप गुप्ता गौरव अग्रवाल डॉ संदीप राज राजकुमार शर्मा देवेंद्र बिष्ट विवेक शर्मा संदीप गगनेजा विनोद राय राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल अश्वनी कुमार गुप्ता परीश सक्सेना धीरज शिवम भारद्वाज हरिओम गुप्ता पूनम शर्मा सीमा गुप्ता सरिता चौधरी लीलम आदि।

रात में हुआ मथुरा आंधी कुइयां कब्रिस्तान के पास दावते इस्लामी इंडिया का अज़ीमुशन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

तक्सीम आसनद यानी दस्तर बंदी का इज्तेमा हुआ जिस में (मदरसतुल मदीना फ़ैज़ने गौसे आजम) के स्टूडेंट ने तिलावते कुरान और नात पढ़ी स्टूडेंट ने इंग्लिश में स्पीच दी इंग्लिश में नात पढ़ी आगरा डिवीजन निगरान रज़ा साहब ने बताया की मथुरा में दावतें इस्लामी इंडिया के 2 मदरसे चल रहे हे एक अलीम कोर्स का ओर दूसरे मे कुरान नज़र ओर हाफिज बनाया जाता हे ओर स्टूडेंट को दीन की तालीम के साथ साथ इंग्लिश हिंदी ह्यष्द्धद्गठ्ठष्द्ध कंप्यूटर और दुनिया वीं तालीम से भी आरस्त किया जा रहा हे इस साल मथुरा में दावते इस्लामी के मदरसे में 8 हाफिज बने और 15 स्टुडेंट ने नज़र

कुरान मुकम्मल किया अब तक दावते इस्लामी ने मथुरा में 14 हाफिज बना दिए हे ओर 77 स्टूडेंट को कुरान मुकम्मल कर दिया हे ओर ये सब फ्री तालीम दी जाती हे

और प्रोग्राम में मथुरा शहर के शहर मुफ्ती , मुफ्ती आसिफ रज़ा मिस्बाही साहब ने बयान किया ओर स्टूडेंट के सरो पर दस्तर सजाई ,बाहर से खुसूसी मेहमान ,मौलाना शाने इलाही मदनी साहब, ने भी बयान किया इस मौके पर मथुरा शहर के तमाम उलमा इकराम इमाम हजरत ने भी शिकात की स्टूडेंट को अपनी दुआ से नवाज़ ओर दावते इस्लामी के तमाम ज़िम्मेदार मौजूद रहे जैसे कि रज़ा अतरी,आरिफ अतरी,इकबाल अतरी,शाहनवाज अतरी,फारुक अतरी,हाजी शाहिद, मुजीबुर्रहमान अतरी, हाजी इमरान ,शोएब अतरी,इस्माइल, कासिम शमीम शाकिर ,रिजवान , मेराज, मकसूद चांद, मोहसिन ,वसीम, अतरी और मदरसे के तमाम स्टाफ कारी जुल्फिकार,कारी फुरकान, कारी,इकराम, कारी नाजिम,अदिल सर आसिफ मदनी अमिल भाई फैजान भाई ,हुसैन भाई मोइन भाई ,ओर मथुरा शहर के तमाम मुबालिगीन मोहबीन तमाम साथ देने वाले लोग

मोती कटरा घाट के पास बालू से भरे ट्रक की मोटर साइकिल से भिड़ंत मोटर साइकिल सवार की मौके पर ही मौत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी

गरौठा कोतवाली अंतर्गत ग्राम मोती कटरा में मोटरसाइकिल सवार की ट्रक से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राठ के मोहल्ला खुशीपुरा जिला हमीरपुर निवासी चंद्र प्रकाश पुत्र बैजनाथ उम्र लगभग 46 वर्ष शाम लगभग 4,30 के आसपास गरौठा की तरफ से प्लैटिना मोटरसाइकिल से अपने घर राठ जा रहा था।

तभी ट्रक नंबर यूपी 92 टी 8125 की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी बलिराज शाही ककरवई थाना प्रभारी विनय कुमार साहू मोती कटरा चौकी इंचार्ज ओमपाल सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर शव को पोस्टमार्टम हेतु मऊरानीपुर भेजा जा रहा है। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और ड्राइवर की खोज की जा रही है।

मथुरा के ज्ञानेन्द्र का उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल टीम में हुआ चयन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

मथुरा। 46वी सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अमरावती महाराष्ट्र में किया जाएगा। ज्ञानेन्द्र मथुरा के गांव धौरेरा के निवासी है । एवं ज्ञानदीप शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल मथुरा में खेल शिक्षक के रूप में कार्यरत और उसके साथ साथ अमरनाथ क्रिकेट एकेडमी मथुरा में क्रिकेट कोच है । टीम गुरुवार को कर्नाटक एक्प्रेस से अमरावती के लिए रवाना हो गई। जहां 22 से 26 फरवरी तक 46 वीं राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप खेली जाएगी।

सॉफ्टबॉल 2028 के ओलंपिक में जोड़ा जा चुका है इससे नई प्रतिभाओं को उसका लाभ मिलेगा। ज्ञानेंद्र की इस

उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के सयुक्त सचिव संजय गोतम , आई ओ सी से प्रमोद गौतम , जिला कबड्डी संघ के सचिव सुनील श्रीवास्तव, जिला ओलंपिक संघ के सचिव महेंद्र सिंह राजपूत, फुटबॉल संघ के सचिव डॉ दलवीर सिंह कौन्तेय, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव जय सिंह,डायट प्रवक्ता हरेश कुमार सिंह माध्यमिक शिक्षा खेलकूद गतिविधियों के सचिव डॉ पदम सिंह कौन्तेय,सर्वेश सोलंकी, के आर टी टी कॉलेज के प्राचार्य डॉ कुलविंदर सिंह बग्गा, अमरनाथ क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर रितेश शर्मा ,पूर्व राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी नितिन शर्मा ,राहुल कुंतल ,कल्पना चौधरी, संजय धनगर, सोनू जाना, हरदेव चौधरी , देवेश यादव, हरीश गौतम नीतीश कुमार, प्रदीप सिंह, संदीप कुमार,ने बधाई दी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगम में लगाई पावन डुबकी

जेपी नड्डा ने परिवार समेत किया त्रिवेणी संगम में स्नान, सीएम योगी भी रहे संग, नड्डा परिवार ने गंगा मइया को नारियल, चुनरी अर्पित कर की लोककल्याण की कामना

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी किया पावन स्नान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

महाकुम्भ नगरी। पवित्र त्रिवेणी संगम में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता %नंदी% और सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं नड्डा परिवार ने गंगा मइया को चुनरी अर्पित करके लोककल्याण की कामना भी की। जेपी नड्डा परिवार समेत शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत सभी नेतागण अरैल घाट से फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम पहुंचे। यहां बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अपने परिवार के साथ साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले भाजपा नेताओं संग सामूहिक



रूप से संगम स्नान किया, तदोपरांत पत्नी एवं परिजनों संग विधि-विधान से संगम में पावन डुबकी लगाई। इस दौरान संगम स्नान करने पहुंची जनता ने भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जय श्रीराम और गंगा मइया की जय के जयघोष से अभिवावदन किया।

स्नानोपरांत नड्डा परिवार, सीएम योगी और बीजेपी के अन्य नेताओं ने विधि-विधान के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता के कल्याण की कामना की। यहां से सभी नेतागण बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां लेटे हनुमान जी की साविधि पूजा-अर्चना की। वहीं इसके बाद सभी ने अक्षयवट के भी दर्शन-पूजन किये।